● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 316, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 04 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव के लिए नियुक्त किये अधिकारी 5

सिडनी टेस्ट का पहला दिन आस्ट्रेलिया के नाम 6

## 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी आप-दा से घिरी : पीएम

### शीश महल का जिक्र कर पीएम मोदी ने अरविंद केजरीवाल पर साधा निशाना

**दिल्ली।** दिल्ली में फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी की कई विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास परियोजना के तहत लाभार्थियों को फ्लैटों की चाबियां सौंपी और इससे पहले उन्होंने लाभार्थियों से बातचीत की। इसके बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी बिगुल फूंका। कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल का नाम लिए बिना उन पर जमकर हमला बोला। प्रधानमंत्री ने शीश महल, प्रदूषण, आबकारी नीति मामला और जल आपूर्ति को लेकर आप पर जमकर निशाना



साधा। पीएम मोदी ने कहा कि मैं तो दिल्ली वालों को मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली आयुष्मान भारत योजना का लाभ देना चाहता हूं। आप-दा सरकार को दिल्ली वालों से बड़ी दुश्मनी है। पूरे देश में आयुष्मान योजना लागू है, लेकिन इस योजना को आप-दा वाले यहां (दिल्ली) लागू नहीं होने दे रहे। इसका नुकसान दिल्ली वालों को उठाना पड़ रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने में बहुत बड़ी भूमिका हमारे शहरों की है। जहां दूर-दूर से लोग सपने लेकर आते हैं और बड़ी ईमानदारी से उन सपनों को पूरा करने में जिंदगी खपा देते हैं। इसलिए केंद्र की भाजपा सरकार शहरों में रहने वाले हर परिवार को क्वालिटी ऑफ लाइफ देने में जुटी है।

पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों से दिल्ली एक बड़ी आप-दा से घिरी है। अन्ना हजारे जी को सामने करके कुछ कट्टर बेईमान लोगों ने दिल्ली को आप-दा में धकेल दिया। शराब के ठेकों में घोटाला, बच्चों के स्कूल में घोटाला, गरीबों के इलाज में घोटाला, भर्तियों के नाम पर घोटाला... ये लोग दिल्ली के विकास की बात करते थे, लेकिन ये लोग आप-दा बनकर दिल्ली पर टूट पड़े हैं। पीएम मोदी ने कहा कि देश भाली-भांति जानता है कि मोदी ने कभी अपने लिए घर नहीं बनाया है। लेकिन बीते 10 वर्षों में चार करोड़ से अधिक गरीबों को घर देकर उनका सपना पूरा किया है। मैं भी कोई शीश महल बना सकता था, लेकिन मेरे लिए तो मेरे देशवासियों को पक्का घर मिले यही एक सपना था। मैं आप सबको भी कहता हूं कि आप जब भी लोगों के बीच जाएं लोगों से मिले और अभी भी जो लोग झुग्गी झोपड़ी में रहते हैं, मेरे तरफ से उनको वादा करके आना, मेरे लिए आप ही मोदी हैं, आप वादा करके आना आज नहीं तो कल उनके लिए पक्का मिलेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि ये वर्ष विश्व में भारत में अंतरराष्ट्रीय छवि को और सशक्त करने का होगा। ये वर्ष भारत को दुनिया का बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने का वर्ष होगा। ये वर्ष युवाओं को नए स्टार्टअप और एंटरप्रेन्योरशिप में आगे बढ़ाने का होगा। ये वर्ष कृषि क्षेत्र में नए कीर्तिमानों का होगा। ये वर्ष ईज ऑफ लिविंग और क्वालिटी ऑफ लाइफ बढ़ाने का होगा।

पीएम मोदी ने स्वाभिमान अपार्टमेंट योजना के तहत लाभार्थियों को फ्लैट की चाबी देने के बाद कहा कि यह आपकी नई शुरुआत है। बोले, किराये की जगह अपना घर... यह नई शुरुआत ही तो है। यह आत्म सम्मान का घर है। यह नई आशाओं और नए सपनों का घर है। मैं सभी की खुशियों में आपके उत्सव का हिस्सा बनने ही तो मैं आज यहां आया हूं। आज जब यहां आया तो काफी पुरानी यादें ताजा होना बहुत स्वाभाविक है। आप में से शायद कुछ लोगों को पता होगा जब आपातकाल का समय था तो देश इंदिरा गांधी के तानाशाही रवैये के खिलाफ लड़ रहा था। उस समय मेरे जैसे बहुत साथी अंडरग्राउंड मूवमेंट का हिस्सा थे। उस समय आशोक विहार मेरे रहने का स्थान हुआ करता था।

## राज्य सरकार विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय विज्ञान और परंपरा के गहरे संबंध हैं। भारत ने हमेशा अपने नेतृत्व से विज्ञान और नवाचार को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच ने भारतीय विज्ञान और अनुसंधान को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री ने %जय जवान, जय किसान% का आह्वान कर भारत को एक नई ऊर्जा दी। इस नारे ने न केवल भारत की रक्षा और कृषि को मजबूत किया, बल्कि राष्ट्र को आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित भी किया। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने इस कड़ी में जय विज्ञान को जोड़ा, जो भारत की वैज्ञानिक सोच और उपलब्धियों को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस श्रृंखला में जय अनुसंधान जोड़ते हुए विज्ञान और नवाचार को एक नई दिशा दी है।



कोविड-19 महामारी के दौरान मात्र एक वर्ष में स्वदेशी वैक्सीन का निर्माण करना इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। यह उपलब्धि भारत के वैज्ञानिक सामर्थ्य और नेतृत्व की कुशलता को प्रदर्शित करती है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के समय में हुए परमाणु परीक्षण (पोखरण) और प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हुई वैज्ञानिक प्रगति, दोनों ही यह दिखाते हैं कि भारत ने हर चुनौती को अवसर में बदलकर दुनिया के सामने अपनी योग्यता और क्षमता को सिद्ध किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रवींद्र भवन में 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस को बाल प्रतिभाओं के विकास का बेहतरीन मंच बताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन जिले के डोंगला में स्थापित वराह मिहिर खगोलीय वेधशाला में हुए नवीनीकरण कार्य एवं नए उपकरणों के साथ ऑटोमेशन कार्य का वर्चुअल शुभारंभ किया।

## सुप्रीम कोर्ट की ईडी को फटकार

### लगातार 15 घंटे पूछताछ ज्यादती, पूर्व विधायक की गिरफ्तारी अवैध

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के पूर्व कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार को बड़ी राहत दी। कोर्ट ने अवैध खनन मामले में पूर्व विधायक की गिरफ्तारी को अवैध करार दिया। साथ ही कांग्रेस नेता से लगभग 15 घंटे तक की गई पूछताछ को ज्यादती बताया। सुप्रीम कोर्ट ने इसे ईडी का अमानवीय आचरण कहा। अवैध खनन मामले में कांग्रेस नेता सुरेंद्र पवार को हाईकोर्ट से रिहा किए जाने के फैसले को ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज



मसीह की पीठ ने ईडी की याचिका को खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईडी की ओर से लगातार 15 घंटे तक कांग्रेस नेता से की गई पूछताछ का आचरण पूरी तरह से अमानवीय था। क्योंकि यह किसी आतंकी गतिविधि नहीं बल्कि अवैध रेत खनन से जुड़ा मामला था। ऐसे मामले में लोगों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। ईडी ने व्यक्ति को बयान देने के लिए मजबूर किया। यह ठीक नहीं है। पीठ ने कहा कि हम उच्च न्यायालय के इस फैसले में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं कि प्रतिवादी की गिरफ्तारी अवैध थी। उच्च न्यायालय ने फैसले में केवल यह तय किया था कि पंवार की गिरफ्तारी अवैध थी या नहीं। इससे पहले दो दिसंबर को शीर्ष अदालत ने एक आदेश में कहा कि हाईकोर्ट का फैसला मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 44 के तहत लंबित शिकायत को प्रभावित नहीं करेगा।

## मानसिक स्वास्थ्य को लेकर बढ़ रही जागरूकता

**बंगलूरू।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान की एकीकृत चिकित्सा सेवाओं की सराहना की और इसे सभी के लिए एक आदर्श मॉडल बताया। उन्होंने कहा, एनआईएमएचएएनएस की एकीकृत चिकित्सा सेवाएं मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने में योग और आयुर्वेद का उपयोग करके मनोरोग और तंत्रिका संबंधी समस्याओं का इलाज करने के लिए एक आदर्श हैं। उन्होंने यहां संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान मनोचिकित्सा विशेषज्ञ ब्लॉक, केंद्रीय प्रयोगशाला परिसर और भीमा छात्रावास का उद्घाटन किया।

## भारत हमेशा द्वीप राष्ट्र के साथ खड़ा है : जयशंकर

**नई दिल्ली।** भारत और मालदीव ने सीमा पार व्यापार के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आश्वासन दिया कि भारत हमेशा द्वीप राष्ट्र के साथ खड़ा रहेगा। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में जयशंकर ने मालदीव के अपने समकक्ष अब्दुल्ला खलील से मुलाकात की। बता दें कि मालदीव के विदेश मंत्री गुरुवार को तीन दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे। इस दौरे का लक्ष्य दोनों देशों के बीच समुद्री सुरक्षा, व्यापार और निवेश सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीके तलाशना है।

अपने समकक्ष का स्वागत करते हुए जयशंकर ने कहा, मैं आपकी पहली आधिकारिक यात्रा पर आपका और आपके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करता हूं। मैं नए साल की भी बधाई देता हूं और मैं यह कहना चाहूंगा कि आप मेरे पहले विजिटर हैं। इसलिए आपका दोगुना स्वागत है। उन्होंने आगे कहा, हमारे पास बात करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण विषय हैं। इसके अलावा और भी बहुत कुछ है, जो हमें करने की आवश्यकता है। मैं देख रहा हूं कि सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने की रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

जयशंकर ने कहा, मैंने देखा कि सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने की रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए गए हैं। हमने कई क्षेत्रों में अपनी सहभागिता बढ़ाई है और मैं यह कहना चाहूंगा कि भारत हमेशा मालदीव के लिए खड़ा है। बता दें कि हिंद महासागर क्षेत्र में मालदीव भारत का प्रमुख पड़ोसी देशों में से एक है। रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में मालदीव की पिछली सरकार के साथ काफी ज्यादा प्रगति देखी गई थी।

## आपदा दिल्ली में नहीं, भाजपा में आई : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आपदा दिल्ली में नहीं भाजपा में आई हुई है। भाजपा के पास न तो सीएम फेस है और न ही एजेंडा। पूर्व सीएम ने कहा- हमने दिल्ली में इतने काम किए हैं कि घंटों तक गिना सकते हैं। अपने 43 मिनट के भाषण में वे (पीएम) कोई काम नहीं गिना पाए। केजरीवाल ने यह पलटवार पीएम मोदी की रैली के डेढ़ घंटे बाद किया। दरअसल, मोदी ने शुक्रवार को अशोक विहार में रैली के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार का आगाज किया। इस रैली में उन्होंने आप को दिल्ली के लिए आपदा की सरकार बताया था।

## पटना में प्रशांत किशोर का आमरण अनशन जारी

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं पीटी परीक्षा रद्द कर री-एग्जाम लेने की मांग लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर भी इस प्रदर्शन में शामिल हैं। हालांकि वह पटना के गांधी मैदान में धरना पर बैठे हैं। उन्होंने दो जनवरी से आमरण अनशन का एलान किया था। आज उनके अनशन का दूसरा दिन है। पीके के साथ सैकड़ों अभ्यर्थी भी प्रदर्शन कर रहे हैं। गांधी मैदान में बापू की मूर्ति के नीचे बैठकर सभी लोग री-एग्जाम की मांग कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने इस दौरान नारेबाजी भी की। वह री-एग्जाम..हम लेकर रहेंगे के नारे लगा रहे। प्रशांत किशोर की टीम की ओर से कहा गया है कि आज हमलोगों के प्रदर्शन का दूसरा दिन है। जब तक नीतीश सरकार हमारी मांगों को मान नहीं लेती तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन का माहौल इतना गर्म हो चुका है कि आयोग अब खुद को अभ्यर्थियों और प्रशांत किशोर की चुनौती के सामने घिरा महसूस कर रहा है।

## जहरीले कचरे के विरोध में दो ने किया आत्मदाह का प्रयास

**इंदौर।** भोपाल गैस त्रासदी से जुड़ी यूनियन कार्बाइड फैक्टर के कचरे को लेकर पीथमपुर में जबरदस्त किच-किच चल रही है। ये कचरा पीथमपुर में नष्ट किया जाना है, लेकिन स्थानीय लोग इसका विरोध कर रहे हैं। पीथमपुर में हालत बहुत अधिक बिगड़ चुके हैं। दो लोगों ने आत्मदाह का प्रयास किया है। दोनों को गंभीर हालत में चोइथराम अस्पताल में भर्ती किया गया। पीथमपुर के हर गली मोहल्ले सड़क पर लोगों की भीड़ उतर आई है। मामले को लेकर पीथमपुर में सैलाना के विधायक कमलेश्वर



डोडियार 24 घंटे के लिए अनशन पर बैठ गए हैं। डोडियार का कहना है कि 337 मैट्रिक टन जहरीले कचरे को यहां जलाने से लोगों को कैंसर होने का खतरा है। सरकार का रवैया ठीक नहीं है। बता दें कि भोपाल से पीथमपुर में कचरा आने के बाद से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सांसें फूली हुई हैं। पुलिस, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की समझाइश का जनता पर कोई असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। सभी संगठन, संस्थाएं एक मंच पर आकर इसका विरोध कर रही हैं। पीथमपुर में लोगों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने चारों तरफ से आने-जाने के रास्ते बंद कर दिए हैं। इंदौर जाने का रास्ता पूरी तरह से बंद है। यहां लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिल रहा है। खाने का सामान भी नहीं है। यहां की फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूर परेशान हो रहे हैं। बंद को रहवासियों का पूरा साथ मिला है। हर जगह बंद का असर नजर आ रहा है। कोई भी सड़कों पर कारोबार करता नजर नहीं आ रहा। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि कचरा जलाना शुरू किया तो आंदोलन और भी भड़क जाएगा।

## यूएस में बड़ा मुद्दा बना एच-1बी वीजा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एच-1बी वीजा को लेकर बहस जारी है। ट्रंप समर्थक इसका खुलकर विरोध कर रहे हैं, वहीं ट्रंप के करीबी उद्योगपति एलन मस्क ने एच-1बी वीजा का समर्थन किया है। अब इस बहस में अमेरिका के वरिष्ठ और प्रभावशाली सांसद बर्नी सैंडर्स भी शामिल हो गए हैं। बर्नी सैंडर्स ने मस्क पर आरोप लगाया है कि वह एच-1बी वीजा का समर्थन सिर्फ विदेशों से सस्ते कर्मचारियों को नौकरी पर रखने के लिए कर रहे हैं। एच-1बी वीजा के जरिए अमेरिकी कंपनियां विदेशों से



कुशल कर्मचारियों को नौकरी पर रख सकते हैं।

बर्नी सैंडर्स लंबे समय से कर्मचारियों के अधिकारों के समर्थक रहे हैं। गुरुवार को एक बयान में कहा कि एच-1बी वीजा कुशल कर्मचारियों की कमी को पूरा करने के लिए नहीं है बल्कि सस्ते कर्मचारियों को नौकरी पर रखने और श्रम लागत कम करने के लिए है।

## नक्सल एनकाउंटर में 3 नक्सली ढेर

**रायपुर।** सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के नक्सल प्रभावित सोरनामाल जंगल में तीन नक्सलियों का एनकाउंटर किया है। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी ) और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर लिया था। इस नक्सल ऑपरेशन में छत्तीसगढ़-ओडिशा के करीकब 300 जवान मौके पर मौजूद रहे। मौके से शव और आटोमेटिक हथियार बरामद किये गये हैं। गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। सुरक्षाबलों ने छत्तीसगढ़ और ओडिशा सीमा से लगे सोरनामाल जंगल में चक्रव्यूह बनाकर नक्सलियों को चारों तरफ से घेर लिया था।

## घने कोहरे की चपेट में उत्तर भारत

### दृश्यता में गिरावट से बढ़ी परेशानी, विमान और ट्रेनें प्रभावित

**नई दिल्ली।** देश में भीषण ठंड के बीच शुक्रवार को घने कोहरे ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। उत्तर भारत के कई हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा। इससे दृश्यता और तापमान में गिरावट आई। इस वजह से ट्रेन और विमान परिचालन प्रभावित हुआ। आईएमडी के पिछले 24 घंटों के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम रहा। ऐसे ही न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

इस बीच मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में 8 जनवरी तक कोहरा छाया रहने की संभावना है, जबकि 6 जनवरी को हल्की बारिश भी हो सकती है। शुक्रवार सुबह तक दिल्ली का तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो राष्ट्रीय राजधानी के लिए लगातार पांचवां ठंडा दिन है। सीपीसीबी के मुताबिक, लोधी रोड स्टेशन पर वायु गुणवत्ता सूचकांक 309 है, जिसे बहुत खराब श्रेणी में रखा जाता है।

फ्लाइटरडार24 के मुताबिक, स्पाइसजेट, इंडिगो और एयर इंडिया सहित कई एयरलाइंस की उड़ानें प्रभावित हुईं। दिल्ली हवाई अड्डे पर आगमन उड़ानों के लिए औसतन पांच मिनट और प्रस्थान उड़ानों के लिए 11 मिनट की देरी रिकॉर्ड की गई। इस बीच स्पाइसजेट ने कहा कि खराब मौसम के कारण अमृतसर और गुवाहाटी आने और जाने वाली सभी उड़ानें प्रभावित हैं। इंडिगो ने दिल्ली, अमृतसर, लखनऊ, बंगलूरू और गुवाहाटी के मार्गों पर विशेष ध्यान देते हुए एक यात्रा सलाह जारी की।

## नितिन गडकरी ने दिल्ली को प्रदूषण मुक्त करने का किया वादा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अगले पांच सालों में दिल्ली को प्रदूषण से मुक्त करने का वादा किया है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी के परिवहन नेटवर्क को विकसित करने और आने वाले दिनों में प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए 12,500 करोड़ रुपये के निवेश का एलान किया है। दिल्ली में नवंबर से ही प्रदूषण का स्तर काफी ऊंचा बना हुआ है और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बहुत खराब श्रेणी से ऊपर बना हुआ है। प्रदूषण को कम करने के लिए, अन्य उपायों के अलावा, पिछले दो महीनों में दिल्ली में बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल कारों पर दो बार प्रतिबंध लगाया गया।

दिल्ली में एक बार फिर प्रदूषण का स्तर बहुत ज्यादा है और एक्यूआई 350 पॉइंट के आसपास है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अपने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान स्टेज 3 के तहत प्रतिबंधों को वापस ला सकता है। इसका मतलब होगा बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल कारों पर वाहनों पर फिर से प्रतिबंध लग जाएगा। दिल्ली में प्रदूषण के सबसे बड़े कारणों में से एक वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन माना जाता है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली के परिवहन नेटवर्क को



बेहतर बनाने और शहर में प्रदूषण तथा भीड़भाड़ को कम करने के लिए 12500 करोड़ रुपये की घोषणा की। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी के लिए 1200 करोड़ रुपये के अतिरिक्त सीआरआईएफ फंड का भी एलान किया।

गडकरी ने बताया कि दिल्ली में प्रदूषण कम करने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय कौन-कौन सी परियोजनाएं शुरू करेगा। उन्होंने कहा, दिल्ली वायु प्रदूषण और ट्रैफिक जाम से बहुत परेशान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सड़क निर्माण मंत्रालय ने दिल्ली को प्रदूषण से मुक्त करने और भीड़भाड़ कम करने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की हैं और उन्हें लागू किया है। उन्होंने कहा कि नई सड़क परियोजनाओं से दिल्ली में प्रवेश करने वाले वाहनों का दबाव कम करने में मदद मिलेगी।

गडकरी ने दिल्ली में प्रदूषण कम करने के लिए स्वच्छ ईंधन पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारी सरकार इलेक्ट्रिक बसें, कार और स्कूटर लेकर आई, क्योंकि दिल्ली का 40 प्रतिशत प्रदूषण जीवाश्म ईंधन से होता है। हम सीएनजी (वाहन) भी लेकर आए और हम 5 साल में दिल्ली को प्रदूषण से मुक्त कर देंगे।

केंद्र ने आईजीआई एयरपोर्ट के आसपास शहर में ट्रैफिक का बोझ कम करने के लिए द्वारका एक्सप्रेसवे का निर्माण पहले ही कर दिया है। शहरी विस्तार सड़क (यूईआर) परियोजना के तहत, गडकरी का मंत्रालय कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे या वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के जरिए दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे के साथ कनेक्टिविटी प्रदान करने वाले चरण 2 को भी अंतिम रूप दे रहा है।

# हैवी ब्लास्टिंग से दहल उठा बैढ़न, जिंदगी दांव पर लगाकर कोयले का हो रहा खनन

## निर्धारित मापदंड पर ब्लास्टिंग करने की लगा रहे गुहार, कंपनियों के साथ प्रशासन भी कर रहा नजरअंदाज

**सिंगरौली।** दोपहर को हैवी ब्लास्टिंग के चलते शहर दहल उठा। पल भर के लिए लोगों की सांसें हलक पर अटक गई। लेकिन एनसीएल सहित निजी कंपनियां लोगों की जिंदगी को दांव पर लगाकर कोयल खनन में लगी हुई है। यह कोई पहली मर्तबा हैवी ब्लास्टिंग नहीं हुई है जब घर धराशाई हुए है। इसके पहले भी कई हैवी ब्लास्टिंग से न केवल घर धराशाई हो गए बल्कि घरों में दबने से लोगों की मौत भी हो चुकी है। लेकिन जिम्मेदार इन हादसों से कोई सबक नहीं ले रहा।



गौरतलब है कि शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे खदानों में एक के बाद एक पांच बार हैवी ब्लास्टिंग से खदान से लगे गांव सहित पूरा बैढ़न शहर दहल उठा। लोग जब तक समझ पाए एक के बाद एक धमाकों से लोगों की पल भर के लिए सांसे थम गई। लोग अपने घरों से निकलकर खुले आसमान में खड़े हो गए। लोग एक दूसरे से भूकंप की बातें कहने लगे लेकिन ब्लास्टिंग की आवाज सुनकर लोग समझ गए कि यह कोयला खदानों की ब्लास्टिंग है। कोयला खनन में लगी कंपनियों निर्धारित मापदंडों से अधिक ब्लास्टिंग करके अधिक से अधिक कोयला निकलने में लगी है। हैवी ब्लास्टिंग से लोगों कि समस्याओं से कंपनियों को कोई लेना देना नहीं। तो वही जिला प्रशासन और कंपनियां हैवी ब्लास्टिंग को लेकर बिल्कुल संजीदा नहीं नजर आ रहे। यही वजह है कि कंपनियां अधिक कोयला खनन के लिए निर्धारित मापदंडों से ज्यादा बारूद डालकर हैवी ब्लास्टिंग कर रहे हैं।

### आधा दर्जन से ज्यादा गांव हो रहे प्रभावित

एनसीएल और रिलायंस की कोल खदानों में होने वाले विस्फोट से आसपास के आधा दर्जन गांव प्रभावित हो रहे हैं। वैसे तो विस्फोट का प्रभाव पूरे 12 किलोमीटर की दूरी को प्रभावित कर रहा है लेकिन आसपास के गांव जो कंपनी के आसपास हैं वह ज्यादा ही प्रभावित हो रहे हैं। बताया जाता है कि रिलायंस व एनसीएल की ओर से कोयला निकाली के लिए की जाने वाली मुहेर और अमलोरी की खदानों में होने वाली ब्लास्टिग से नौगढ़, भकुआर, मुहेर, अमलोरी, परसौना, देवरी, कचनी, दसोती, भरूहा, अमझर, नंदगांव व नवानगर सहित कई क्षेत्र प्रभावित हैं। इन गांवों के अलावा और कई दूसरे गांव में भी विस्फोट का असर है लेकिन खदानों के नजदीक वाले गांव ज्यादा ही प्रभावित हैं।

### दो घंटे के लिए हो जाते हैं बेघर

स्थानीय लोग बताते हैं कि प्रतिदिन दोपहर को रुक रुक कर ब्लास्टिंग होती है। ब्लास्टिंग से उनमें इस कदर दहशत रहती है कि वह दोपहर में डेढ़ से दो घंटे घर के बाहर ही बिताते हैं। ग्रामीणों का कहना की सबसे अधिक परेशानी तो बारिश के समय होती है। दोपहर को बारिश होने के बाद भी हैवी ब्लास्टिंग के डर से घर के बाहर रहने को मजबूर है। इतना ही नहीं ब्लास्टिंग से घरों में दरारें पढ़ने की वजह से ग्रामीण अपने मकान में सिंगल स्टोरी तक ही सीमित रखते हैं। हैवी ब्लास्टिंग को लेकर कई बार स्थानीय लोग अपनी आवाज को जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तक पहुंचाया है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कंपनी प्रशासन पर नकेल कसने में लापरवाही दिखा रहे हैं। यही वजह है कि क्षेत्र की जनता को इस हैवी ब्लास्टिंग से राहत नहीं मिल पा रही है।

### एक के बाद एक पांच हुए धमाके

शुक्रवार की दोपहर तकरीबन 2:04 पर इतनी तेज ब्लास्टिंग हुई कि एक पल के लिए लगा कि भूकंप आ गया है। लेकिन ब्लास्टिंग की आवाज सुनकर लोगों को समझते देर नहीं लगी की यह हैवी ब्लास्टिंग का प्रभाव है। पहली हैवी ब्लास्टिंग 2:04 और दूसरी 2:08 पर हुई। इसी तरह तीसरी ब्लास्टिंग 2:10 और चौथी ब्लास्टिंग 2:18 पर ताबड़तोड़ हुई। इसके पश्चात 2:36 पर फिर से हैवी ब्लास्टिंग हुई।ऐसी ब्लास्टिंग हुई की कलेक्ट्रेट में बाहर खड़े लोग बोलने वालों की यह कैसी ब्लास्टिंग है।

### लगाम कसने में लापरवाह प्रशासन

कंपनियों के जिम्मेदारों की माने तो हैवी ब्लास्टिंग को वह नॉर्मल समझते हैं अधिकारी कहते हैं कि ब्लास्टिंग ई-डेटोनेटर विधि से किया जाता है। कोयला खदानो में हमेशा एसओपी, नियमावली, केस स्टडीज, रिस्क मिटिगेशन को लेकर प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके बावजूद नियमों के विपरीत हैवी प्लास्टिक की जा रही है। जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी ब्लास्टिंग के क्या नियम है और किस तरह ब्लास्टिंग होनी चाहिए की आम जनता को नुकसान न हो। सभी नियमों कायदों को शायद जिला प्रशासन के अधिकारी भी भूल गए हैं। तभी तो आम जनता परेशान है और कंपनी हैवी ब्लास्टिंग कर अधिक से अधिक कोयला निकालने में लगी हुई हैं।

# बंधौरा क्षेत्र में गांजा एवं अवैध शराब का कारोबार जोरो पर, पुष्कर की वसूली की हो रही चर्चा!

## पुलिस एवं आबकारी अमले के संरक्षण में हो रहा अवैध कारोबार

**सिंगरौली।** पुलिस चौकी बंधौरा क्षेत्र में इन दिनों शराब एवं गांजा का कारोबार जोर पकड़ लिया है। आरोप है कि पुलिस एवं आबकारी महकमे के सांठगाठ के चलते कारोबारियों को खुली छूट मिल चुकी है। निजी बिजली उत्पादन कंपनी न्यू गेट के इर्दगिर्द सवाईलाल सब पर सवाशेर साबित हो रहा है।




दरअसल बंधौरा चौकी पुलिस क्षेत्र में शराब के साथ-साथ गांजे का कारोबार काफी जोर पकड़ा हुआ है। आलम यह है कि गढ़ाखांड़ में स्थित एक निजी बिजली कंपनी के न्यू गेट के सामने इर्दगिर्द अवैध रूप से देशी-विदेशी शराब एवं गांजा का कारोबार व्यापक पैमाने पर फल फूल रहा है। सूत्र बताते हैं कि यहां रोजाना 50 पेटी से अधिक एक समय सीमा के अन्दर चन्द घंटो में ही देशी-विदेशी शराब बिक जाती है। वही इसी के इर्दगिर्द भारी मात्रा में आसानी से गांजे की पुड़िया भी उपलब्ध हो जाती है। इतना ही नही चर्चाएं यहां तक है कि सवाईलाल और हनुमान की कृपा से आबकारी एवं पुलिस महकमे पर सवाशेर साबित हो रहा है।

### पुलिसवाला कर रहा अवैध वसूली और मुखबिरी

सूत्र बताते है कि गांजा एवं देशी-विदेशी शराब की अवैध बिक्री इलाके में एक ही जगह नही बल्कि कर्सुआ, नगवां, मलगा मोड़ में धड़ल्ले के साथ बिक्री की जा रही है। यहां भी चुनिंदा कारोबारियों को खाकी वर्दी की ओर से छूट मिली हुई है। इस तरह के आरोप कई गांव के प्रबुद्धजनों के द्वारा लगाया जा रहा है। बीच - बीच में इसकी शिकायतें भी पुलिस के यहां पहुंचती रही है। लेकिन पुलिस उक्त अवैध कारोबारियों पर कार्रवाई करने से बचती नजर आती है। यहां से अच्छा-खासा पुलिस को हर महीने सेवा-सत्कार भी होता रहता है। इसी के चलते पुलिस उक्त अवैध कारोबारियों पर कार्रवाई करने का साहस नही जुटा पाती है। सूत्र बताते हैं कि अवैध शराब, गांजा और डीजल कारोबार की वसूली पुष्कर नाम का कोई पुलिसकर्मी कर रहा है। और वहीं अवैध कारोबारी की मुखबिरी कर रहा है।

### न्यू लेबर गेट के सामने बिक रही शराब

यहां बताते चले कि उक्त बिजली उत्पादन औद्योगिक कंपनी में हजारों की संख्या में मजदूर भी कार्यरत हैं। जहां कंपनी के न्यू लेबर गेट के सामने अवैध शराब का कारोबार खोलकर लोगों को नशेड़ी बनाने में कारोबारी कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं। यहां के कई नागरिको ने सीधे-सीधे पुलिस पर अवैध कारोबार करने का आरोप लगया है। प्रबद्ध नागरिको ने एसपी का ध्यान आकृष्ट कराते हुये उक्त अवैध कारोबार को बन्द कराये जाने की मांग की है।

## देर रात महिला ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

**सिंगरौली।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सेमरिया गांव में देर रात एक 35 वर्षीय महिला ने अज्ञात कारणों से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने घटना की जानकारी डायल 112 वाहन पुलिस को दी। सूचना उपरांत डायल 112 स्टाफ प्रधान आरक्षक राम कृष्ण बागरी पायलेट प्रकाश सिंह ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञात कारणों से 35 वर्षीय महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। महिला के पति ने डायल 112 पर कॉल कर मदद मांगी थी। डायल 112 स्टाफ परिजन के साथ पीड़ित महिला को एफ आर व्ही वाहन से अस्पताल ले जाने के लिए रवाना हुए। रास्ते में चिकित्सा वाहन के मिल जाने से महिला को चिकित्सा वाहन द्वारा अस्पताल पहुँचाया गया।

# तेज रफ्तार ट्रेलर पलटा, 2 गंभीर, पुलिस ने कड़ी मशक्कत से फंसे लोगों को निकालकर इलाज हेतु भेजवाया



**सिंगरौली।** शुक्रवार की दोपहर मोरवा क्षेत्र में रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां कांटा मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार टेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिस कारण इसमें ट्रेलर चालक समेत खलासी फस गए। सूचना मिलते ही मोरवा निरीक्षक कपूर त्रिपाठी के निर्देश पर तत्परता दिखाते हुए घटना स्थल पर पहुंची मोरवा पुलिस ने दोनों फंसे घायलों को किसी तरह ट्रेलर से निकेलकर इलाज हेतु ट्रॉमा सेंटर भिजवाया है। बताया जाता है कि ट्रेलर काफी तेज गति में था और आगे चल रहे वाहन से बचने के लिए चालक ने ब्रेक लगाई। जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में चालक एवं खलासी दोनों के पैरों में काफी चोटें आई हैं।

## बेसहारा लोगों को रात्रि बिताने वालों को आश्रय स्थल में रहने के लिये करे प्रेरित: आयुक्त

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री आश्रय स्थल योजना के तहत शहर में दो आश्रय स्थलो का संचालन किया जा रहा है जिनमें एक बैढन आश्रय स्थल (बस स्टैंड) एवं दूसरा मोरवा जोन उप कार्यालय नगर निगम के परिसर में संचालित है शीत ऋतु के समय कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए इसके लिए आयुक्त नगर पालिक निगम सिंगरौली डीके शर्मा के निर्देशन में निगम की एन.यू.एल.एम टीम द्वारा रात्रिकालीन समय में खुले आसमान के नीचे या बाहर सड़क,फुटपाथ में सोने वाले शहरी बेघरों का सर्वे कर उन्हें प्रेरित करते हुए आश्रय स्थल तक पहुंचाया जाता है।

# ऊर्जाधानी मे शीत लहर का प्रकोप, हाड़ कपाने वाली ठंड ने ढाया सितम

**सिंगरौली।** सिंगरौली में सर्दी का सितम जारी है। नए साल के तीसरे दिन भी सुबह घना कोहरा रहा। रात के तापमान में आई गिरावट ने लोगों को कंपकंपा दिया। जहां न्यूनतम तापमान 6 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान में गिरावट के कारण दिन में भी ठंडक का अहसास बना रहा। सुबह और शाम के वक्त चल रही सर्द हवा ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। हालांकि, दिन में धूप ने थोड़ी राहत जरूर दी। ऊर्जाधानी में शुक्रवार को तापमान में गिरावट का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग ने जनवरी के मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है। जनवरी का महीना पश्चिमी विक्षोभ से प्रभावित रहेगा। पूरे महीने में 6 पश्चिमी विक्षोभ आ सकते हैं। इसके गुजर जाने के बाद बर्फीली हवा चलेगी, जिससे जिला शीतलहर की चपेट में रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से बादल भी छाएंगे। नमी आने से कोहरा भी छाएगा, लेकिन कोल्ड डे व सीवियर कोल्ड डे का सामना कम करना पड़ेगा। वैसे जनवरी कड़ाके की सर्दी के लिए जाना जाता है। 1 जनवरी से 15 जनवरी के बीच शहर सहित अंचल शीतलहर व कोहरे की चपेट में रहता है। जनवरी के पहले दिन से ही कोहरा छाना शुरू हो गया है। 6 जनवरी तक मध्यम से घना कोहरा छाने के आसार हैं। इससे सुबह 9 बजे के बाद ही धूप निकलेगी।उत्तर से आने वाली सर्द हवा से रात के तापमान में कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार, 6 जनवरी को एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके पहले आसमान साफ रहने से तापमान में कमी दर्ज होगी।



# पॉलिथीन रेड के दौरान पकड़ी गई 15 किलो अमानक पोलीथीन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त

**सिंगरौली।** क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंगरौली के धर्मेन्द्र सिंह एवं प्रयोगशाला सहायक राजकुमार मसातकर द्वारा नगर निगम सिंगरौली के स्वच्छता सहायक आशीष शुक्ला एवं उनकी टीम के साथ बस स्टैण्ड बैढ़न चौपाटी एवं मल्हार पार्क के पास की लगभग 15 दुकानों में अमानक पोलीथीन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के संबंध में छापामार कार्यवाही की गई तथा नगर निगम सिंगरौली के द्वारा अमानक पोलीथीन विक्रेताओं के विरूद्ध राशि 2500 अर्थदण्ड के रूप में चालान काटा गया । विदित हो कि केन्द्र शासन द्वारा प्लास्टिक प्रबंधन नियम 2016 यथा संशोधित 2021 के तहत् 19 प्रकार के प्लास्टिक निर्माण सामग्रियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के रूप में प्रतिबंधित किया गया है तथा पोलीथीन कैरी बैग के उपयोग को भी प्रतिबंधित किया गया है। अमानक पोलीथीन एवं प्रतिबंधित सिंगल यूज



प्लास्टिक के भण्डारण, परिवहन, उपयोग एवं बिक्री के संबंध में आवश्यक दण्डात्मक कार्यवाही करने के अधिकार संबंधित नगरीय निकायों को हैं एवं अमानक पोलीथीन के संबंध में जन-जागरूकता विकसित करने का कार्य मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को है। क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विगत् 02 माह के दौरान सिंगरौली जिले के कई शैक्षणिक संस्थानों जैसे डीएव्ही खड़िया, ज्योति स्कूल जयंत , डीएव्ही ब्लाक-बी- गोरबी, डीएव्ही कृष्ण विहार कॉलोनी नौगढ़, में अमानक पोलीथीन के संबंध में जन-जागरूकता कार्यक्रम किऐ गऐ एवं अमानक पोलीथीन तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं से जन स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव तथ मवेशियों में होने वाले हानिकारक प्रभाव के संबंध में जन-चेतना विकसित की गई। इस संबंध में स्थानीय निकायों द्वारा छापामार कार्यवाही समय-समय पर किऐ जाने का अनुरोध किया गया।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह मे 63 जोड़ो ने सात फेरे लेकर बंधे विवाह बंधन में

## कलेक्टर ,विधायक, महापौर, निगम अध्यक्ष ने नव दम्पत्ति को दिये आशिर्वाद

**सिंगरौली।** अटल सामुदायिक भवन बिलोजी में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह,निकाय योजना के तहत 63 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह में ग्रामीण और शहरी इलाकों के दर्जनों दूल्हा दुल्हन ने लिए अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिये। विवाह समारोह में भारी संख्या में दम्पत्तियों के साथ ही बराती भी शामिल हुए । सामूहिक विवाह में जनपदपंचायत बैढ़न अंतर्गत के 40 नगर निगम सिंगरौली के 20 तथा नगर परिषद बरगवा अंतर्गत के 3 जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ।कार्यक्रम में सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम, नगर पलिक निगम सिंगरौली की महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने नव विवाहित जोड़ो पर पुष्प वर्षा कर सुखमय वैवाहिक जीवन का आशिर्वाद दिया।

# महुआ गांव के संदीप की दबंगई, कोरेक्स की तस्करी का आरोप

## पुलिस को चकमा देकर विकलांग की जमीन में स्थगन के बाद भी बना रहा मकान

**सिंगरौली।** जिले के निवास चौकी अंतर्गत महुआ गांव में एक संदीप साहू नाम के युवक पर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं, आरोप है कि संदीप साहू दबंगई पूर्वक गांव के ही एक विकलांग बुजुर्ग की जमीन मे स्थगन आदेश के बाद भी पुलिस को चकमा देकर रात में घर बना रहा है आरोप यह भी लग रहे हैं कि जमीन स्वामी के मना करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है आसपास के लोगों ने बताया कि संदीप साहू पिछले लंबे अरसे से कोरेक्स सहित कई अन्य मादक पदार्थों की बिक्री करता है और दबंगई पूर्वक जमीन में अवैध कब्जा करना चाहता है

पीड़ित पवन कुमार साहू पिता चूडामणि साहू ने बताया कि मेरे कब्जे की अधिपत्य जमीन खसरा क्रमांक 172/3 पर 25 वर्षों से काबिज व मालिकाना हक है व मकान बना है।

इन दिनों संदीप साहू पिता बासुदेव साहू ग्राम पोस्ट महुआगांव द्वारा बलपूर्वक कई गुंडे बदमाशों के साथ रंगदारी पूर्वक हमारे जमीन में नीव का गड्ढा खोदकर निर्माण कार्य किया जा रहा है एवं मकान के सामने कई गाड़ी बालू गिराया गया है जिससे हमारा रास्ता बंद है रविवार दिनाक 27/10/2024 को पूरी रात बल पूर्वक मकान निर्माण कार्य किया गया जिसमें रात को कहीं न्याय नहीं मिला तो सी एम हेल्प लाइन में शिकायत दर्ज कराया गया पीड़ित ने बताया कि दबंग द्वारा मुझे व मेरे 75 वर्षीय विकलांग वृद्ध पिता को अभद्र गाली देते हुए आये दिन जान से मारने की धमकी दी जाती है। पीड़ित ने यह भी बताया कि संदीप साहू कोरेक्स सहित अन्य कई मादक पदार्थों की बिक्री भी करता है ऐसे में उसके साथ कई गुंडे प्रवृत्ति के लोग भी रहते हैं किसी भी समय वह हमला कर सकता है और मारपीट को अंजाम भी दे सकता है इसी वजह से पीड़ित ने तमाम अधिकारियों से शिकायत करते हुए उचित कार्यवाही की मांग की है।

# संचालक न्यू रायल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के संचालक पर लग रहे गंभीर आरोप

## मान्यता वरैनियां मे और स्कूल संचालन हो रहा बड़ोखर मे

**सिंगरौली।** जिले के विकासखंड देवसर अंतर्गत न्यू रॉयल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल बड़ोखर के संचालक पर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं बताया गया कि विद्यालय की मान्यता बर्निया के नाम से है लेकिन विद्यालय का संचालन बड़ोखर में हो रहा है यही नहीं विद्यालय संचालक ने सिर्फ आठवीं कक्षा तक की मान्यता प्राप्त की है जबकि दशमी कक्षा का भी संचालन हो रहा है इसी इसके अलावा भी और कई गंभीर आरोप लगाते हुए शिक्षा विभाग सिंगरौली में शिकायत भी की गई है, यही नहीं , विद्यालय संचालक के ऊपर दूसरे की जमीन दबंगई पूर्वक धड़कने का भी आरोप लग रहा है एक देवसर निवासी शिकायतकर्ता ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा मापदंडों के अनुरूप एक तो विद्यालय का संचालन नहीं किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर दबंगई पूर्वक जमीन हड़पने की कोशिश की जा रही है फिलहाल इसकी शिकायत अधिकारियों के संज्ञान में पहुंच चुकी है देवसर निवासी श्रीपाल तनय वीरभद्र ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों सहित अन्य दफ्तरों मे शिकायत की है कि अजय सिंह तनय राजेन्द्र सिंह बघेल निवासी ग्राम बघउ थाना कमर्जी तहसील चुरहट जिला सीधी के द्वारा लगभग 10-12 वर्ष पूर्व ग्राम बरैनियां / बरगवां में न्यू रॉयल इंटर नेशनल पब्लिक स्कूल (डाईसकोड-23500215505) बरैनियों / बरगवां के नाम से माध्यमिक कक्षाओं तक निजी स्कूल संचालन हेतु ग्राम बरैनियां में जगन्नाथ बैस तनय गोविन्द बैस के मकान को किराया से लेकर स्कूल का संचालन किया जा रहा था

### कई आरोप लगाते हुए हुई शिकायत

उक्त संचालक के द्वारा पिछले शिक्षा सत्र से ग्राम बरैनियां मे संचालित शाला को बिना किसी सूचना व शासन की अनुमति के मान्यता प्राप्त स्थान से अन्य जगह स्थानान्तरित कर संचालन किया जा रहा है। शाला संचालन की मान्यता/अनुमति राजस्व ग्राम बरैनियां की प्राप्त है और वर्तमान समय में शाला का संचालन राजस्व ग्राम बड़ोखर में किया जा रहा है, जिसके कारण छात्रों को समस्या होने के साथ उनकी शिक्षा में भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।शाला संचालन हेतु कक्षा 1 से 8 तक ही मान्यता प्राप्त है, किन्तु संचालक बिना मान्यता के कक्षा 10वी तक की कक्षायें संचालित की जा रही है। जिस जगह वर्तमान में शाला संचालन किया जा रहा है उसमें न तो खेल-कूद हेतु मैदान है और न ही बच्चों की सुरक्षा ही सुनिश्चित कराई जा रही है, साथ ही आरटीई के मापदंड अनुसार कोई सुविधा भी विद्यालय में उपलब्ध नही है। संचालक द्वारा शाला की आड़ में राजस्व ग्राम बड़ोंखर में स्थिति प्रार्थी की जमीन हड़पने के उद्देश्य से शाला संचालित की जा रही है

### जांच की मांग

शिकायतकर्ता ने न्यू रॉयल इंटर नेशनल पब्लिक स्कूल ग्राम बरैनियों / बरगवां की जाँच कर वैद्यानिक कार्यवाही कराये जाने व मान्यता प्राप्त स्थान राजस्व ग्राम बरैनियों / बरगवां में संचालित कराये जाने की मांग की है, ताकि छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### इनका कहना है

यह मामला मेरे संज्ञान में आया है इसकी जांच कर कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

धनराज सिंह
बीआरसी देवसर

# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले : विश्वामित्र

## ग्राम पंचायत बरबधा, नकझर कला एवं देवरी में मुख्यमंत्री जनकल्याण कार्यक्रम आयोजित

**सीधी।** प्रदेश एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान प्रारंभ किया गया है ।अभियान का मकसद केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभान्वित कराना है। यह तभी संभव होगा जब योजनाओं की जानकारी लोगों को हो तथा प्रभावी क्रियान्वयन हो। उक्त आशय के विचार विधायक सिहावल श्री विश्वामित्र पाठक ने ग्राम पंचायत बरबधा, नकझर कला एवं देवरी में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम पंचायत बरबधा, नकझर कला एवं देवरी में मुख्यमंत्री जनकल्याण कार्यक्रम आयोजित हुआ।




कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं कन्यापूजन कर विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक श्री विश्वामित्र पाठक ने उपस्थित जनसमुदाय को नव वर्ष की बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के उद्देश्य एवं अभियान में सम्मिलित 45 जन कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली 63 सेवाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आप लोग योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रतानुसार आवेदन करें आपका आवेदन पंजीकृत कर पोर्टल पर दर्ज होगा। शिविर में निराकरण योग्य आवेदनों का निराकरण यहीं पर कराकर आपको हितलाभ दिया जाएगा।शेष आवेदनों का निराकरण 26 जनवरी 2025 के पूर्व कराकर आपको योजना से लाभान्वित एवं सूचित किया जाएगा। विधायक ने कहा कि अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार कराएं जिससे योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को जानकारी मिल सके एवं आवेदन कर पात्रतानुसार लाभ ले सकें। शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में शामिल योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली सेवाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश सिंह सरपंच बरबधा, रमा पाण्डेय सरपंच नकझर कला, दिनेंद्र पांडेय सरपंच देवरी, सरोज द्विवेदी सरपंच, एस पी मिश्रा एसडीएम सिहावल, रवि शंकर मिश्रा प्रभारी सीईओ, शिव कुमारी जायसवाल, अशोक शुक्ला, पुनीत पांडेय, रामलाल विश्वकर्मा, हर्षद द्विवेदी, अनिल पांडेय, राम प्रताप पाण्डेय, उपेंद्र पाण्डेय, कन्हैयालाल पांडेय, सुभाकर द्विवेदी, दिलासा सिंह, अनुसुइया वाजपेई सीडीपीओ, कामता तिवारी बीपीओ, खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, हितग्राही बंधु, गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# जिला सहकारी बैंक के सुदृढ़ीकरण के लिए बैठक आयोजित

## अमानत संग्रहण में लक्ष्य की प्राप्ति करने पर शाखा बहरी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया

**सीधी।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सीधी बैंक सभागार में जिला बैंक के सुदृढ़ीकरण हेतु बैठक का आयोजन दिनांक 2 जनवरी 2025 को किया गया। बैठक में नोडल अधिकारी एवं संयुक्त आयुक्त सहकारिता रीवा श्रीमती सुरेखा अहिरवार, सहायक नोडल अधिकारी एवं संभागीय शाखा प्रबंधक अपेक्स बैंक भोपाल श्री अशोक सिंह चंदेल, उपायुक्त सहकारिता जिला सीधी श्रीमती दीप्ति वनवासी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कमल मकाश्रे जिला बैंक सीधी संबंधित स्टाफ के साथ उपस्थित रहे। बैठक में बैंक के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं सभी कर्मचारी एवं अधिकारी से अपेक्षा की गई कि वह बैंक के प्रगति हेतु आवश्यक कार्य करें। अमानत संग्रहण हेतु दिए गए लक्ष्य की प्राप्ति करने पर शाखा बहरी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया एवं सभी से अपेक्षा की गई कि वह इनसे प्रेरणा लेकर कार्य करें एवं बैंकों को उन्नति की ओर



अग्रसर करें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कमल मकाश्रे जिला बैंक सीधी ने बताया कि कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार बैंकों के सुदृढ़ीकरण के लिए जिले में पहल की जा रही है। इस अवधि में जिन शाखाओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जाएगा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जावेगा। वहीं बेहतर प्रदर्शन नहीं करने वालों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## 04 जनवरी को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सीधी।** अधीक्षक अभियंता (संचा-संधा) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. ने जानकारी देकर बताया है कि 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कोठिया में रेल्वे लाइन के निर्माण हेतु विद्युत लाइन शिफ्टिंग कराने हेतु दिनांक 04.01.2025 को सुबह 8 बजे से दोपहर 4.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेंगे। उन्होने बताया कि दिनांक 04 जनवरी 2025 को 33 के.व्ही. कोठिया से चुरहट-मवई एवं 11 के.व्ही. चुरहट से पटेहरा फीडर से संबंधित सभी गॉव में विद्युत बंद रहेंगी।

# शासकीय महाविद्यालय मझौली का संभाग स्तर पर शानदार प्रदर्शन

## लोक नृत्य में संभाग स्तर पर महाविद्यालय मझौली को मिला तीसरा स्थान



**सीधी।** शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुपालन में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत लोक नृत्य की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में संभाग के जिलों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली की छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति देते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गीता भारती ने प्रतिभागी छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोक नृत्य भारतीय संस्कृति की मूल धरोहर है जिसे संजोए रखना एवं नई पीढ़ी में अभिसिंचित करना है।

इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के सेवानिवृत्त ग्रंथपाल डॉ एस आर भारती, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ पूजा कश्यप, संगतकार डॉ सुरेश कुमार तिवारी, प्रो बी एल सिंह अयाम, डॉ लक्ष्मण उइके, प्रो सुनील कुमार सिंह, डॉ गंगादेवी बैरागी, डॉ रूपेश कुमार पल्लव, डॉ भावना नागेंद्र, डॉ वाहिदुनिषा, प्रो राज किशोर तिवारी, डॉ विपेंद्र द्विवेदी, डॉ संदीप कुमार शर्मा, गुलाब सिंह श्याम, संदीप कुमार एवं मनीष सोनी ने छात्राओं को उज्जवल भविष्य की अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# समाजवादी पार्टी द्वारा मनाया गया माता सावित्रीबाई फुले की जन्म जयंती

## सपा कार्यालय सीधी में प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का जन्म जयंती कार्यक्रम मनाया गया

**सीधी।** समाजवादी पार्टी जिला इकाई सीधी द्वारा आज दिनांक 3 जनवरी 2025 को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले का जन्म जयंती का कार्यक्रम दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर पदाधिकारीयों के द्वारा जिला पार्टी कार्यालय सीधी में मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पटेल जी के द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन शहर अध्यक्ष समर बहादुर के द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे सिंगरौली जिला प्रभारी श्रवण कुमार विश्वकर्मा प्रदेश सचिव सह प्रभारी धर्मेंद्र सिंह बघेल प्रदेश सचिव पूर्व जिला अध्यक्ष रामराज यादव उपाध्यक्ष रण बहादुर सिंह चौहान जिला प्रमुख महासचिव दिनेश सिंह जिला महासचिव प्रवीण कुमार



पटेल राजेश साकेत जिला महासचिव जिला सचिव रामलाल विश्वकर्मा जिला सचिव राममिलन केवट एससी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बैजनाथ साकेत लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष यज्ञ सेन गिरी मझौली ब्लाक अध्यक्ष मानेद्र यादव अमरकेश यादव सहदेव दिलीप कुमार पटेल सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहकर सावित्रीबाई फुले जी की जन्म जयंती कार्यक्रम उपस्थित रहे साथ ही भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय डॉ मनमोहन सिंह जी की आत्मा के शांति के लिए सभी पदाधिकारीयों ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किए शहर अध्यक्ष समर बहादुर ने प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी को देश के सबसे बड़े अर्थशास्त्री थे जिन्होंने अपने कार्यकाल में देश में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी को कंट्रोल किए थे और एक अच्छे कुशल शासक के रूप में अपना कार्यकाल का निर्वहन किया प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी के कार्यकाल के समय ही यह प्रस्ताव नोटबंदी का आया था पर उन्हें पता था कि नोटबंदी से देश की आर्थिक स्थिति कमजोर पड़ जाएगी और हमारे देश में महंगाई बेरोजगारी का असर बढ़ जाएगा इसलिए उन्होंने ऐसे कई देश हित में फैसले लिए और जो देश हित में नहीं थे उनको उन्होंने नहीं लागू किया ऐसे पूर्व प्रधानमंत्री जी को शत-शत नमन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माता सावित्रीबाई फुले जी के जीवनी पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने बताएं की माता सावित्री बाई का जन्म 1831 में महाराष्ट्र में माली परिवार में हुआ था 9 वर्ष की उम्र में ही उनकी शादी महात्मा ज्योतिराव फुले जी के साथ में हुआ 16 वर्ष की आयु में उन्होंने प्रथम महिला विद्यालय खोलकर महिलाओं शोषित वंचितों को पढ़ने का काम किया अत्यंत कठिनाइयों के बीच में रहकर उन्होंने समाज को एवं महिलाओं को उनका हक और अधिकार दिलाया एवं संगठनात्मक नियुक्ति को लेकर जिला अध्यक्ष ने सीधी विधानसभा का प्रभारी जिला प्रमुख महासचिव दिनेश सिंह को बनाया गया एवं चुरहट विधानसभा का प्रभारी महासचिव प्रवीण कुमार पटेल को बनाया गया सिहावल विधानसभा का प्रभारी महासचिव राजेश साकेत को बनाया गया वहीं ध्वनि विधानसभा का प्रभारी जिला महासचिव शिवेंद्र शुक्ला को बनाया गया है जिला महासचिव दिनेश सिंह यादव ने आए हुए सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सभी को अपने-अपने डेटन का निर्वहन करने के लिए आग्रह किया।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि बढ़ाई गई

## किसान 10 जनवरी तक करा सकेंगे अपनी फसलों का बीमा

**सीधी।** शासन ने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि को 10 जनवरी 2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। निश्चिय ही इस निर्णय से किसानों को राहत मिलेगी और वह अधिक संख्या में योजना का लाभ लें पायेंगे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत मौसम, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से यदि किसानों की फसल खराब होती है तो इस स्थिति में फसल को होने वाले नुकसान की छतिपूर्ति की जाती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत समस्त ऋणी व अऋणी किसान 10 जनवरी तक फसलों का बीमा करा सकते हैं। पहले इसके लिए अन्तिम तिथि 31 दिसंबर 2024 निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 10 जनवरी 2025 तक कर दिया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पटवारी हल्का स्तर पर गेहूं सिंचित के लिए प्रीमियम राशि 626.77 रु. प्रति हेक्टेयर, गेहूं असिंचित के लिए 465.55 का प्रतिहेक्टेयर, चना के लिए-448.75 को प्रति हेक्टेयर, सरसों के लिए 468.66 रु प्रति हेक्टेयर, तहसील स्तर पर अलसी के लिए 408.55 प्रति हेक्टेयर पर, जिला स्तर की फसल पर मसूर के लिए 450 प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशि है जो कि बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसल बीमा करवाने की अन्तिम तिथि 10 जनवरी 2025 है। अऋणी कृषक (अल्पकालिक फसल ऋण न लेने वाले कृषक) अपनी फसलों का बीमा अपनी नजदीकी बैंक/शाखा जहाँ कृषक का बैक खाता है, के माध्यम से नजदीकी सी.एस.सी सेन्टर के द्वारा करा सकते हैं या फिर क्राप इंश्योरेंस एप को किसान भाई गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर स्वयं भी कर सकते हैं।

## हाईवा में ओव्हरलोडिंग की हो रही सर्वाधिक शिकायतें

**सिहावल।** जनपद सिहावल क्षेत्र अंतर्गत क्रेशर संचालकों के यहां हाईवा के माध्यम से खुलेआम ओवरलोड और बिना पत्री के परिवहन किया जा रहा है। इसकी शिकायत होने के बाद भी कार्यवाही नहीं हो रही है। हालात यह है कि अमिलई क्षेत्र से कई वाहन गुजरते हैं। जिसमें ओव्हरलोडिंग की सर्वाधिक शिकायतें मिल रही हैं। मामले में जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही करने से परहेज करते नजर आ रहे हैं।

# बरम्बाबा में निक्षय स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**सीधी।** मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनीता तिवारी ने जानकारी दी कि गुरुवार 2 जनवरी को सीधी ब्लाक की ग्राम पंचायत बरंबाबा मे 100 दिवस निक्षय शिविर अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को टीबी की जानकारी दी गई एवं 60 लोगों का सेम्पल कलेक्शन किया गया तथा 50 लोगों का चेस्ट एक्सरे कराया गया। ग्राम पंचायत सरपंच तथा जनपद सदस्य को निक्षय मित्र बनाकर 2



टीबी मरीजों को गोद लेते हुए पोषण आहार का वितरण कराया गया। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को टीबी मुक्त की शपथ दिलाई गई। शिविर में मुख्य रूप से डब्लूएचओ कंसलटेंट डॉ. दिव्यांशु शुक्ला, एनटीईपी से डीपीसी अशफाक अहमद, पिरामल फाउंडेशन से डीपीओ प्रदीप उपाध्याय, आशा सुपरवाइजर, सीएचओ, एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सडक़ दुर्घटना में दो की मौत, पांच गंभीर रीवा रेफर

## ऑटो एवं हाइवा की टक्कर से पड़रिया में हुई वारदात

सीधी

जिले के बहरी थाना अंतर्गत पड़रिया में भीषण सडक़ हादसा हुआ है। जिसमें कि 2 की मौत हो गई है जबकि पांच गंभीर हैं। जिसे कि सभी गंभीर मरीजों को जिला चिकित्सालय से रीवा के लिए रेफर कर दिया गया है। यह घटना ऑटो एवं हाइवा चालक को लेकर हुई है।

जानकारी के अनुसार बल्कर क्रमांक एच 2 823 सीधी से सिंगरौली की तरफ जा रहा था। वहीं ऑटो क्रमांक एमपी 53 जेडडी 3694 बहरी से कुबरी सवारी लेकर आ रही थी। इसी दौरान पड़रिया में जबरजस्त भिडंत हो गई। इस दौरान दो की मौत हो गई है। मृतकों मे महेश विश्वकर्मा पिता विजय निवासी खड़बड़ा अमिलिया एवं उर्मिला पत्नी रामभुवन 30 वर्ष निवासी विशुनपुर देवपुरा मिर्जापुर उत्तर प्रदेश के बताए गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची है एवं सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए लाया गया है। साथ ही सभी गंभीर घायलों को उपचार के लिए रीवा रेफर कर दिया गया है।



### यह हैं घटना के गंभीर

घटना को लेकर गंभीर घायलों में प्रकाश रावत पिता लालमणि निवासी उपनी सीधी, दिनेश विश्वकर्मा पिता भैरोलाल उम्र 27 वर्ष चमरदह बहरी, सविता कोल पत्नी प्रेमलाल 35 वर्ष पिपरहिया बहरी, जवाहर साहू पिता देवीदीन 30 वर्ष धुम्मा बहेरा, गीता विश्वकर्मा पत्नी विजय विश्वकर्मा उम्र 25 वर्ष खड़बड़ा एवं विजय बहादुर सिंह पिता उग्रसेन सिंह 34 वर्ष अमरही बहरी शामिल हैं। जिन्हें कि जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। गंभीर घायलों को रीवा शाम करीब 5 बजे रेफर किया गया है।

### रोते-लिलखते रहे परिजन, अस्पताल में नहीं मिला इलाज

इस दौरान मौत के बाद जो गंभीर रूप से घायल थे उनके परिजन भी रोते बिलखते देखे गए। लेकिन जिला चिकित्सालय में समुचित उपचार न होने की वजह से शाम 5 बजे के बाद रीवा रेफर किया गया। मरीजों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा है। वहीं घटना के बाद पड़रिया में लोगों ने विरोध भी शुरू किया लेकिन पुलिस आने के बाद मामला शांत हुआ है। दो लोगों की मौत से इस घटना में लोगों की नाराजगी कम नहीं देखी जा रही है।


कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी
Website – www.mppwd.gov.in/pwdmp, email – eepwdsidhi@mp.nic.in

नि सू क्र. 08/2024–25 — सीधी, दिनांक 01.01.25

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यो हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संसोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र – 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है :–

| ग्रुप क्र. | टेंडर आई०डी० | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रु लाख में) | 1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2024_PWDRB_392098 | उपसंभाग मझौली अन्तर्गत मझौली बायपास मार्ग लं. 1.60 किमी. का शेष उन्नयन कार्य। लो०नि०वि०, सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022 | 304.20 | 1. 304200 2. 15000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2024_PWDRB_392099 | उपसंभाग मझौली अन्तर्गत ठोंगा सरैहा मार्ग लं. 2.01 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। लो०नि०वि०, सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022 | 16.80 | 1. 33600 2. 2000 | 1. द्वितीय आमंत्रण 2 03 माह |
| | | योग :– | 321.00 | | |

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 04.01.2025 सुबह 10.30 से 21.01.2025 शाम 5.30 तक है।
2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य अभिलेख (लिफाफा–अ), सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है।
3. निविदा से संबंधित सशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेवसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

(एम.के. परते)
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संभाग सीधी (म.प्र.)

जी–21153/24

## संपादकीय

### लिखेंगे नई कहानी

साल 2024 को अलविदा कहने के बाद 2025 की ओर देखते हुए हम इस बात पर राहत और सुकून महसूस कर सकते हैं कि आगे की राह चुनौतियों से खाली भले न हो, पर उम्मीद और विश्वास के दीप उसे रोशन कर रहे हैं। 2024 में हुए लोकसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद राजनीतिक अस्थिरता की जो आशंका बनी थी, साल के अंत तक वह खत्म हो गई। हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जाहिर कर दिया कि भाजपा का दबदबा बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता बनी हुई है और इस बीच पार्टी ने कहा कि वह पीएम के तौर पर अपना तीसरा कार्यकाल भी पूरा करेंगे। जहां तक देश के आर्थिक विकास की रफ्तार का सवाल है तो यह सही है कि हाल में इसमें थोड़ी कमी आई है। साल 2024-25 की दूसरी तिमाही में यह 5.4 फीसदी पर आ गई जो पिछली सात तिमाहियों का सबसे निचला स्तर है। लेकिन गौर करने की बात है कि यह चुनावी साल था। लिहाजा सरकारी खर्च में कमी एक बड़ा फैक्टर रही। जानकार मानते हैं कि तीसरी और चौथी तिमाहियों में यह रफ्तार तेज होगी। वैसे भी रिजर्व बैंक का अनुमान है कि 2024-25 में देश की सालाना बढ़ोतरी दर 6.6 फीसदी रहेगी, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ज्यादा है। खास बात यह कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुताबिक 2025 में भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकॉनमी बन सकता है। विकास के बावजूद कई मोर्चों पर देश में चुनौतियां भी हैं। जॉबलेस ग्रोथ का आरोप भले पूरी तरह सच न हो, लेकिन युवाओं के लिए अच्छी नौकरी ढूंढना एक गंभीर समस्या है। आयुष्मान भारत स्कीम अच्छी योजना है, लेकिन उसके दुरुपयोग की खबरें भी आती रहती हैं। वहीं, इंश्योरेंस रेग्युलेटर की हाल में आई रिपोर्ट बताती है कि साल 2023-24 के दौरान हेल्थ इंश्योरेंस के 71.3 फीसदी दावे ही सेटल किए गए। जाहिर है नियामक को इसे गंभीरता से लेना होगा। एलएसी से जुड़ा विवाद सुलझा लिए जाने के बाद अब नए साल में चीन के साथ रिश्तों में बेहतरी की उम्मीद बढ़ गई है। बांग्लादेश के हालात जरूर भारत के लिए कुछ चुनौती पेश कर रहे हैं, अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप की नीतियों को लेकर भी कुछ आशंकाएं हैं, फिर भी कुल मिलाकर साल 2025 युद्ध के बजाय शांति की संभावनाओं को मजबूती देता दिख रहा है। सो, आइए खुले दिल से और पूरे यकीन से कहें- हैपी न्यू ईयर।

**नववर्ष मुड़कर एक बार अतीत को देख लेने एवं भविष्य को बुनने का स्वर्णिम अवसर। क्या खोया और क्या पाया इस गणित को विश्लेषित करने एवं आने वाले कल की रचनात्मक तस्वीर के रेखांकन का प्रेरक क्षण। क्या बनाना है और क्या मिटाना है, इस अन्वेषणा में संकल्पों की सुरक्षा पंक्तियों का निर्माण करने के लिये अभिप्रेरित करने की चौखट है- नववर्ष। 'आज', 'अभी', 'इसी क्षण' को पूर्णता के साथ जी लेने के जागृति का शंखनाद है नववर्ष। बीते कल का अनुभव और आज का पुरुषार्थ ही भविष्य का भाग्य रच सकता है इसीलिये नववर्ष के उत्सव की प्रासंगिकता को नकारा नहीं जा सकता। इसीलिये वर्ष 2024 की निराशाओं, असफलताओं एवं नाउम्मीदों पर पश्चाताप करने की बजाय उम्मीद, आशा एवं जिजीविषा को जीवंत करें। भले ही पछतावा जीवन का एक ऐसा सत्य है, जिसे नकारा नहीं जा सकता।**

# नववर्ष है कल की रचनात्मक तस्वीर के रेखांकन का

(ललित गर्ग)

नए की स्वीकृति के साथ पुराने को अलविदा कहने की इस संधिबेला में किंपलिंग की विश्व प्रसिद्ध पंक्ति याद आ रही है-'पूर्व और पश्चिम कभी नहीं मिलते।' पर मैं देख रहा हूं कि पुराना और नया मिलकर संवाद स्थापित कर रहे हैं।

नववर्ष मुड़कर एक बार अतीत को देख लेने एवं भविष्य को बुनने का स्वर्णिम अवसर। क्या खोया और क्या पाया इस गणित को विश्लेषित करने एवं आने वाले कल की रचनात्मक तस्वीर के रेखांकन का प्रेरक क्षण। क्या बनाना है और क्या मिटाना है, इस अन्वेषणा में संकल्पों की सुरक्षा पंक्तियों का निर्माण करने के लिये अभिप्रेरित करने की चौखट है- नववर्ष। 'आज', 'अभी', 'इसी क्षण' को पूर्णता के साथ जी लेने के जागृति का शंखनाद है नववर्ष। बीते कल का अनुभव और आज का पुरुषार्थ ही भविष्य का भाग्य रच सकता है इसीलिये नववर्ष के उत्सव की प्रासंगिकता को नकारा नहीं जा सकता। इसीलिये वर्ष 2024 की निराशाओं, असफलताओं एवं नाउम्मीदों पर पश्चाताप करने की बजाय उम्मीद, आशा एवं जिजीविषा को जीवंत करें। भले ही पछतावा जीवन का एक ऐसा सत्य है, जिसे नकारा नहीं जा सकता। हालांकि हमें यह सलाह दी जाती है कि अतीत में क्या हुआ, क्या खोया एवं क्यों संकल्प पूरे नहीं हुए, इस पर पछताना ठीक नहीं। बीती बातों को याद करके दुखी होने से केवल मानसिक तनाव, निराशा एवं असंतोष ही उत्पन्न होगा। फिर भी, हम पछतावे को हमारी जीवन यात्रा का अहम हिस्सा मानते हुए नववर्ष का स्वागत नये उजालों से करते हुए इसे प्रेरणा पर्व बनाये।

नए की स्वीकृति के साथ पुराने को अलविदा कहने की इस संधिबेला में किंपलिंग की विश्व प्रसिद्ध पंक्ति याद आ रही है-'पूर्व और पश्चिम कभी नहीं मिलते।' पर मैं देख रहा हूं कि पुराना और नया मिलकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। जाता हुआ पुराना वर्ष नये वर्ष के कान में कह रहा है, 'मैंने आंधियाँ अपने सीने पर झेली हैं, तू तूफान झेल लेना, पर मन के विश्वास को टूटने मत देना, संकल्प के दीपक को बुझने मत देना।' नये भारत के इक्कीसवीं शताब्दी के इस रजत जयन्ती वर्ष में इसी विश्वास को जीवंतता देने के लिये अपनी अनुकरणीय योजनाओं के साथ देश एवं दुनिया में सक्रिय होना है और अनूठा करना है। उसके लिये विश्वास एवं संकल्प वे छोटी-सी किरणें हैं, जो सूर्य का प्रकाश भी देती है और चन्द्रमा की ठण्डक भी। और सबसे बड़ी बात, वह यह कहती



है कि 'अभी सभी कुछ समाप्त नहीं हुआ। अभी भी सब कुछ ठीक हो सकता है।' मनुष्य मन का यह विश्वास कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। इस तरह का संकल्प कोई रणनीति नहीं है, जिसे कोई वाद स्थापित कर शासन चलाना है। यह तो इंसान को इन्सान बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है।

जाते हुए वर्ष को अलविदा कहते हुए नए वर्ष की दस्तक आह्वान कर रही है कि अतीत की भूलों से हम सीख लें और भविष्य के प्रति नए सपने, नए संकल्प बुनें। अतीत में जो खो दिया उसका मातम न मनाएं। हमारे भीतर अनन्त शक्ति का स्रोत बह रहा है। समय का हर टुकड़ा विकास एवं सार्थक जीवन का आईना बन सकता है। हम फिर से वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसे अपनी दुर्बलताओं, विसंगतियों, प्रमाद या आलस्यवश पा नहीं सकते थे। मन में संकल्प एवं संकल्पना जीवंत बनी रहना जरूरी है। हर बार संकल्प पूरे हों, यह बिल्कुल जरूरी नहीं, क्योंकि जज्बा तब तक लोहा भर है, जब तक मन में दृढ़ता का बसेरा न हो। दृढ़ता आए तो यही जज्बा इस्पात बन जाता है। इसी जज्बे के साथ नये भारत के निर्माता समस्त विश्व के लोगों में एक दूसरे के प्रति विश्वास की भावना उत्पन्न करने, अच्छे नागरिकों का निर्माण करने, समस्त मानवता को मित्रता, भाई-चारे और विश्वास में बांधने के लिये तत्पर है। नैतिक एवं सौम्य गुणों को बढ़ावा देना, परोपकार, जनसेवा एवं समाज उत्थान के लिये व्यापक योजनाओं को आकार देने के लिये अग्रसर हैं, जिन्हें नये वर्ष में आसमानी ऊंचाई देने की प्रतिबद्धता है।

दुनिया में कुछ ही ऐसे भाग्यशाली लोग होते हैं, जिनके जीवन में पछतावा नहीं होता या बहुत कम होता है, क्योंकि वे जीवन को अपने तरीके से जीते हैं। युवावस्था में जीवन की गति तेज होती है। तब इतनी सारी चुनौतियां सामने होती हैं और इतने सारे विकल्प कि आगे बढ़ने की कोशिश में पछताने का वक्त नहीं मिलता। लेकिन जैसे-जैसे हम बूढ़े होते हैं और जीवन की गति धीमी होती जाती है, हम अतीत की सफलताओं-असफलताओं, हर्ष-विषाद, सुख-दुख, उन्नति-अवनति आदि चीजों पर सोचने लगते हैं। यह समय आत्मनिरीक्षण का होता है, जिसमें हम अपने जीवन की यात्रा और उसके अनुभवों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। भीष्म पितामह जैसी शख्सियत को भी मृत्यु शैय्या पर पछतावा था कि उन्होंने अधर्म का साथ दिया। जीवन भर के उनके अच्छे कर्म उस समय याद नहीं आ रहे थे, और वह अपने एक निर्णय के कारण अपने जीवन के अंतिम क्षणों में पछता रहे थे। लेकिन हमें पछतावे से जीवन को धुंधलाना नहीं हैं, बल्कि नये संकल्पों से आगे बढ़ना है।

आप अपनी जिंदगी किस तरह जीना चाहते हैं? यह तय होना जरूरी है, आखिरकार जिंदगी है आपकी! दरअसल, जीवन एक व्यवस्था है। ऐसी व्यवस्था, जो जड़ नहीं, चेतन है। स्थिर नहीं, गतिमान है। इसमें लगातार बदलाव भी होने है। जिंदगी की अपनी एक फिलासफी है, यानी जीवन-दर्शन। सनातन सत्य के कुछ सूत्र, जो बताते हैं कि जीवन की अर्थवत्ता किन बातों में है। ये सूत्र हमारी जड़ों में हैं-पुरातन ग्रंथों में, हमारी संस्कृति में, दादा-दादी के किस्सों में, लोकगीतों में। जीवन के मंत्र ऋचाओं से लेकर संगीत के नाद तक समाहित है। हम इन्हें कई बार समझ लेते हैं, ग्रहण कर पाते हैं तो कहीं-कहीं भटक जाते हैं और जब-जब ऐसा होता है, जिंदगी की खूबसूरती गुमशुदा हो जाती है। जीवन का एक-एक क्षण जीना है- अपने लिए, दूसरों के लिए यह संकल्प सदुपयोग का संकल्प होगा, दुरुपयोग का नहीं। बस यहीं से शुरू होता है नीर-क्षीर का दृष्टिकोण। यहीं से उठता है अंधेरे से उजाले की ओर पहला कदम। सच तो यह है कि नई जिन्दगी की शुरुआत ही नया वर्ष है। समझदार लोगों के लिये नववर्ष का जश्न पछतावा नहीं, बल्कि आभार जताने का मौका देती है। उन सबके लिये आभार, जिनसे हमने सीखा एवं पाया है। आभार एवं कृतज्ञता उन रास्तों के लिये, जो हमारे लिये आशीर्वाद बन गये और उस शांत यकीन के लिये जो बताता है कि जिन्दगी की अनिश्चितताओं में भी एक दैवीय व्यवस्था काम करती है हमारी नाउम्मीदी को उम्मीद में बदलने के लिये।

नववर्ष की याद दिलाने वाली एक बात यह है कि हालात चाहे कितने भी मुश्किल क्यों न हो, कहीं-न-कहीं कोई है जो हमारे लिये चीजों को आसान बनाने पर काम कर रहा है। ब्रह्माण्ड की जिस भी शक्ति को आप मानते हैं, वह आपके लिये, दोस्तों, परिवारजनों, अजनबियों और दैनंदिन के कामों के लिये एक रास्ता तैयार कर रही है, यही आपको मंजिल तक ले जायेगा। इसलिये थोड़ा रुके, सोचे, हौसलों को जीवंतता दे और फिर नयी शुरुआत करें। जान ले कि आप अकेले नहीं है और वह अदृश्य शक्ति एवं आस्था आपको मंजिल तक पहुंचाने में जुटी है।

जीवन को केवल पीछे मुड़कर समझा जा सकता है, लेकिन इसे आगे बढ़कर जीना भी पड़ता है। हम अपनी बातों और कार्यों की जिम्मेदारी लें, लेकिन कभी भी इन्हें अपने मन में इतना भारी न होने दें कि वे हमारे विकास को रोकें। यह महत्वपूर्ण है कि हम हार से सीखें और उन्हें अपने अनुभव का हिस्सा बनाएं, ताकि और अधिक समझदारी से जीवन में आगे बढ़ सकें और जीत को गले लगा सके। प्रयास यही रहे कि हमारे विकास में यह रुकावट न डाल पाए। जाते हुए वर्ष को अलविदा कहने एवं नये वर्ष का स्वागत करने की यह चौखट कल्पना, ईमानदारी और आत्ममंथन की मांग करती है, जिससे हम अपने जीवन के फैसलों को और अधिक सटीक और तर्कसंगत बना सकते हैं। नए साल की शुरुआत जीवनशैली में बदलाव करने, बुरी आदतों को छोड़ने और अपने संकल्प को बेहतर बनाने के लिए एक बेहतरीन समय है। नए साल के सबसे लोकप्रिय संकल्पों में अधिक महत्वपूर्ण है अपने आत्मविश्वास को कमजोर न होने देना। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार।

# जगहंसाई से बचने के लिए नेता निकालें समाधिस्थल का समाधान

(योगेंद्र योगी)

**देश में नेताओं की फितरत में शामिल हो चुका है किसी न किसी वजह से विवादों को जन्म देना। इसके लिए किसी का जन्म-मरण भी नहीं देखा जाता। विवादों के चलते राजनीति इतने निचले स्तर पर जा चुकी है कि दिवंगत विभूतियों को भी नहीं बख्शा जाता। इसमें नेताओं का अहम और राजनीतिक आड़े आ जाती है। पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह भी इसी राजनीति का शिकार हो गए। सिंह की चिता की राख अभी ठंडी भी नहीं हुई है कि उनकी समाधी स्थल को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार और कांग्रेस तथा विपक्षी दल एक-दूसरे को नीचा दिखाने में लग गए। दिल्ली में सिंह के स्मारक के लिए जगह को लेकर कांग्रेस और सरकार के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया।**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए यथोचित स्थान उपलब्ध नहीं करा कर सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के पद की गरिमा, उनकी विरासत और खुद्दार सिख समुदाय के साथ न्याय नहीं किया।

देश में नेताओं की फितरत में शामिल हो चुका है किसी न किसी वजह से विवादों को जन्म देना। इसके लिए किसी का जन्म-मरण भी नहीं देखा जाता। विवादों के चलते राजनीति इतने निचले स्तर पर जा चुकी है कि दिवंगत विभूतियों को भी नहीं बख्शा जाता। इसमें नेताओं का अहम और राजनीतिक आड़े आ जाती है। पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत मनमोहन सिंह भी इसी राजनीति का शिकार हो गए। सिंह की चिता की राख अभी ठंडी भी नहीं हुई है कि उनकी समाधी स्थल को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार और कांग्रेस तथा विपक्षी दल एक-दूसरे को नीचा दिखाने में लग गए। दिल्ली में सिंह के स्मारक के लिए जगह को लेकर कांग्रेस और सरकार के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया।

सिंह के स्मारक के मुद्दे पर पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि सरकार को देश के महान पुत्र और उनकी गौरवशाली कौम के प्रति आदर दिखाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि भारत माता के महान सपूत और सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर वर्तमान सरकार द्वारा उनका सरासर अपमान किया है। राहुल गांधी के मुताबिक आज तक सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की गरिमा का आदर करते हुए उनके अंतिम संस्कार अधिकृत समाधि स्थलों में किए गए ताकि हर व्यक्ति बिना किसी असुविधा के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दे पाए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए यथोचित स्थान उपलब्ध नहीं करा कर सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के पद की गरिमा, उनकी विरासत और खुद्दार सिख समुदाय के साथ न्याय नहीं किया।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने दावा किया कि मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में असम्मान और कुप्रबंधन देखने को मिला। उन्होंने कहा कि डीडी (दूरदर्शन) को छोड़कर किसी भी समाचार एजेंसी को अनुमति नहीं दी गई। डीडी ने मोदी और शाह पर ध्यान केंद्रित किया। सिंह के परिवार को बमुश्किल ही कवर किया। उन्होंने दावा किया कि सिंह के परिवार के लिए केवल तीन कुर्सियां सामने की पंक्ति में रखी गईं। कांग्रेस नेताओं, सिंह की बेटियों और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के लिए सीट की व्यवस्था की खातिर जद्दोजहद करनी पड़ी।

उन्होंने कहा कि इस महान राजनेता के साथ इस अपमानजनक व्यवहार से सरकार की प्राथमिकताओं और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उसकी असंवेदनशीलता उजागर होती है। खेड़ा ने दावा किया कि हैरानी की बात यह रही कि जब भूटान के नरेश खड़े हुए, तो प्रधानमंत्री मोदी खड़े नहीं हुए। अंतिम संस्कार की रस्में निभाने वाले पोतों को चिता तक पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ा तथा विदेशी राजनयिकों को कहीं और बैठाया गया और वे नजर नहीं आए। कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा कैसे पीछे रह सकती थी। यह देखे बगैर की इस मुद्दे पर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की भद्द पिटेगी, भाजपा पलटवार करने में पीछे नहीं रही। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेताओं पर प्रहार करते हुए कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे देश के पूर्व प्रधानमंत्री सम्मानीय मनमोहन सिंह जी के दुखद देहावसान पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं। कांग्रेस की इस घटिया सोच के लिए जितनी भी निंदा की जाए, कम है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने मनमोहन सिंह को जीते-जी कभी भी वास्तविक सम्मान नहीं दिया, लेकिन अब उनके सम्मान के नाम पर राजनीति कर रही है। इस विवाद में आम आदमी पार्टी भी कूद पड़ी। (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी इस विषय को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह खबर सुनकर मैं स्तब्ध हूं कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर किया गया। इसके पूर्व भारत के सभी प्रधानमंत्रियों का अंतिम संस्कार राजघाट पर किया जाता था। केजरीवाल ने सवाल किया कि सिख समाज से आने वाले और पूरी दुनिया में ख्यातिप्राप्त 10 वर्ष भारत के प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और समाधि के लिए भाजपा सरकार 1000 गज़ जमीन भी न दे सकी?

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि सिंह का अंतिम संस्कार ऐसे स्थान पर होना चाहिए जहां उनका स्मारक भी बन सके। इस पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा था कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए स्थान आवंटित करेगी। आश्चर्य यह है कि अतिविशिष्ट व्यक्तियों के स्मारक के बारे कायदे-कानून का फैसला मनमोहन सिंह की ही सरकार ने वर्ष 2013 में लिया था। इसके मुताबिक दिल्ली में वीवीआईपी के लिए अलग से कोई स्मारक नहीं होगा और राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्रियों जैसे दिवंगत राष्ट्रीय नेताओं के स्मारकों के लिए एक साझा परिसर बनाने का फैसला किया था। यूपीए सरकार ने राजघाट के पास अलग-अलग समाधियों के निर्माण पर रोक लगाने का फैसला लिया था। सिंह के समाधिस्थल को लेकर हायतौबा मचाने वाली कांग्रेस अपनी ही पार्टी के प्रधानमंत्री रहे नरसिम्हा राव की समाधि को लेकर किए गए बर्ताव को भूल गई। कांग्रेस की तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार राव के स्मारक के लिए 10 साल तक जगह नहीं दी गई थी। पूर्व प्रधानमंत्री राव के कांग्रेस अध्यक्ष रही सोनिया गांधी से राजनीतिक रिश्ते कभी सौहार्दपूर्ण नहीं रहे। यही वजह रही कि कांग्रेस उनकी समाधि को लेकर उपेक्षा करती रही। साल 2014 में जब मोदी सरकार सत्ता में आई तब स्मारक बनाने का प्रस्ताव दिया गया। तत्कालीन केंद्रीय शहरी विकास मंत्री एम. वेंकैया नायडू ने इस पर तेजी से काम किया। ऐसा नहीं है कि अतिशिष्ट व्यक्तियों की समाधिस्थल को लेकर विवाद आगे नहीं होगा। केंद्र में सत्ता बदलने पर फिर ऐसी ही हास्यादपद हालात पैदा हो सकते हैं। बेहतर यही होगा कि ऐसे मुद्दों पर तुच्छ राजनीति से परे राजनीतिक दलों को मिल बैठ कर स्थायी हल ढूंढना चाहिए, ताकि दिवंगत की आत्मा को शांति मिले और ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर जगहसाई से बचा जा सके।

## वर्ग पहेली 5602

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | | ■ | |
| 8 | | 9 | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | 12 | |
| 13 | 14 | ■ | 15 | | ■ | | ■ |
| 16 | | ■ | 17 | | 18 | ■ | 19 |
| | ■ | 20 | ■ | 21 | | 22 | |
| 23 | | | | ■ | 24 | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 15 अगस्त को भारत के अतिरिक्त कांगों, नार्थ कोरिया, साऊथ कोरिया व इस देश में भी स्वाधीनता दिवस मनाया जाता है (4)
4. इस वृक्ष को छोटे-छोटे फलों से मदिरा निर्माण भी होता है (3)
6. मित्र, दोस्त, सखा, उपपति (2)
7. अरब का एक प्रसिद्ध शहर, ग्रांथिक रूप से इस अरबी शब्द का अर्थ शहर या नगर है (3)
8. अभ्यास पुस्तिका को अंग्रेजी में यह कहा जाता है (4)
10. नष्ट ध्वंस, बर्बाद (6)
13. चैन, राहत, आराम (2)
15. वह विस्फोटक पदार्थ जो ज्वालामुखी पर्वत से निकलता है (2)
16. श्रीराम की सेना का एक वानर (2)
17. कामिनी (3)
21. सबसे दोस्ती करने वाला (4)
23. जिसका नाम किसी बात आदि के लिए तय कर लिया हो (4)
24. हाथ, हस्त, महसूल, टैक्स (2)

**ऊपर से नीचे**

1. ठंडी हवा, पवन (3)
2. अक्षर, वर्ण (3)
3. स्वामीभक्त, उपकार मानने वाला, कृतज्ञ (6)
4. मनुहार, मनाने का काम (4)
5. अगल-बगल (4)
9. प्रतिमा, देवमूर्ति, कठोर हृदय, आकार (2)
11. प्रश्नात्मक, प्रश्नपूर्ण, प्रश्नवाचक (4)
12. व्यक्तित्व, अस्तित्व, सामर्थ्य, शक्ति (2)
13. सुंदर नेत्रों वाली, पुराणानुसार महाराज जनक की पत्नी का यह नाम था (4)
14. दुष्ट, दुर्जन, अधम, नीच (2)
18. सद्‌गति प्राप्त करने वाला (3)
19. सेना को यह भी कहा जाता है (2)
20. जो दिन इस समय बीत रहा है, इस दिनों में (2)
22. दफा, मर्तबा, आधुनिक मद्यशाला (2)

### वर्ग पहेली 5601 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पा | कि | स्ता | न | ■ | अ | मे | ठी |
| र्थ | ■ | व | र | क | न्या | ■ | क |
| ■ | र | क | मी | ■ | व | दि | ■ |
| र | क्षा | ■ | ■ | ज़ू | ■ | त | क्ष |
| ह | क | ■ | आ | न | बा | न | ■ |
| न | व | नी | त | ■ | न | वा | ब |
| ■ | व | ■ | ति | थि | ■ | जी | न |
| ■ | ■ | औ | ■ | र | स | ■ | ना |

# डोनाल्ड ट्रंप के ऑर्डर होते ही भारतीयों की होगी बल्ले-बल्ले, एलन मस्क ने तैयार की जमीन

(सूरज तिवारी)

अमेरिका में रह रहे बहुत सारे विशेषज्ञ इसी वीजा के तहत गए हैं। ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में जब इस वीजा पर प्रतिबंध लगा दिया, तो लाखों विशेषज्ञों और पेशेवरों के सामने संकट पैदा हो गया था।आव्रजन नीति को लेकर नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रुख बदल गया दिखता है। निश्चित तौर पर भारत से वहां गए लोगों के लिए यह राहत की बात है। हालांकि इस मसले पर ट्रंप के समर्थकों का एक समूह उनका विरोध कर रहा है। दरअसल, ट्रंप ने एच1बी वीजा को बरकरार रखने पर सहमति दे दी है। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने इस पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसे लेकर विवाद छिड़ गया था। इस बार भी चुनाव अभियान के दौरान उन्होंने अमेरिका प्रथम की नीति पर आगे बढ़ने और आव्रजन नीतियों को कड़ा बनाने का मुद्दा उठाया था। मगर भावी ट्रंप प्रशासन में शामिल किए गए उद्योगपति एलन मस्क और भारतीय मूल के तकनीकीविद विवेक रामास्वामी ने इस पर प्रतिबंध लगाने का विरोध कर दिया।

खबरों के मुताबिक, मस्क ने तो यह भी कह दिया कि वे एच1बी वीजा को बचाए रखने के लिए युद्ध तक करने को तैयार हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रपति चुनाव अभियान में मस्क खुल कर ट्रंप के समर्थन में रहे। उनका कहना है कि एच1बी खत्म होने से कंपनियों के लिए बाहर से कुशल तकनीशियनों और विशेषज्ञों को लाना संभव नहीं हो पाएगा। रामास्वामी ने भी तर्क दिया कि इससे न केवल कंपनियों, बल्कि अमेरिका का भी बड़ा नुकसान होगा।

प्रतिबंध लगने से भारतीयों को हुआ था संकट

एच1बी पर प्रतिबंध लगने से सबसे अधिक भारतीय नागरिकों के सामने संकट पैदा हो सकता था। अमेरिका हर साल करीब पैंसठ हजार कुशल तकनीशियनों, चिकित्सकों आदि की भर्ती करता है, जिसमें से करीब पैंतालीस हजार भारतीय होते हैं। यानी हर दस में से सात विशेषज्ञ भारतीय होता है।

हाल ही में आई एक रपट के मुताबिक अमेरिका में करीब सवा तीन लाख भारतीय विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। एच1बी वीजा उन्हीं लोगों को दिया जाता है, जिन्हें कंपनियां अपनी जरूरत के मुताबिक भर्ती करती हैं। इस वीजा की अवधि तीन साल की होती है और जरूरत पड़ने पर उसे और तीन साल के लिए बढ़ाया जा सकता है।

अमेरिका में रह रहे बहुत सारे विशेषज्ञ इसी वीजा के तहत गए हैं। ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में जब इस वीजा पर प्रतिबंध लगा दिया, तो लाखों विशेषज्ञों और पेशेवरों के सामने संकट पैदा हो गया था। इस दृष्टि से बेशक दबाव में ट्रंप ने अपना रुख बदल लिया है, अमेरिका में बेहतर भविष्य की तलाश करने वाले हजारों भारतीयों के लिए यह बहुत राहत की बात है।

चुनावी ऐजेंडे तक लगाया गया था बैन

दरअसल, राजनेता नीतियों में बहुत सारे बदलाव अपना जनाधार बढ़ाने के मद्देनजर कर लेते हैं। एच1बी वीजा को लेकर ट्रंप का रुख भी कुछ वैसा ही था। जब वे पहली बार राष्ट्रपति चुनाव लड़े थे, तब भी विदेशी नागरिकों, खासकर भारतीय मूल के लोगों पर निशाना साधते हुए अमेरिकी युवाओं को भरोसा दिलाया था कि वे बाहरी लोगों से छीन कर उनका हक वापस करेंगे। इसका नतीजा यह हुआ कि अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के लोगों पर नस्लवादी हमले बढ़ गए थे।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि किसी भी देश को गैरकानूनी तरीके से घुसपैठ करने वालों को लेकर चिंतित होना चाहिए। मगर एच1बी वीजा गैरकानूनी गतिविधि को बढ़ावा नहीं देता।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और मेहनत व लगन से आपका काम सफल होगा। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे।

**वृष**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आप किसी प्रकार की नई योजना पर काम कर सकते हैं। यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी और आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम की वृद्धि होगी।

**तुला**

आज करियर के मामले में दिन लाभ से भरा होगा और आपको रुके कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आपके कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद सुलझ जाएंगे और आप नए सिरे से अपने काम को पूरा करेंगे। आपके जीवन में तरक?की होगी और योजनाएं पूर्ण होंगी

**वृश्चिक**

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आर्थिक मामलों में आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आपको दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए मेहनत करते रहें तो आपको मुकाम हासिल होगा। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं।

**मिथुन**

आज दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा और आपको मनचाहा लाभ होगा। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वही आपको करने को मिलेगा और आपके मन में प्रसन्?नता का भाव रहेगा।

**कर्क**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और मेहनत व लगन से आपका काम सफल होगा। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे।

**धनु**

आज दिन सावधानी और सतर्कता से काम करने का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो आपको लाभ होगा। रोजमर्रा के काम से अलग कुछ नया करने के बारे में सोच सकते हैं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है।

**मकर**

आज दिन सामान्?य है और सब कुछ रोजाना की तरह होता रहेगा। साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने की कोशिश करेंगे। आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है।

**सिंह**

आज करियर में लाभ होगा और आपका पूरा दिन बिजी रहेगा। छात्रों को पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। लेकिन आपको उनकी परवाह किए बिना अपने काम पर फोकस करने की सलाह है।

**कन्या**

आज करियर में लाभ के योग हैं। आपको मनचाही सफलता हासिल होगी और आपका भाग्य भी साथ देगा। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए। आपको इस बात का पूरा ध्?यान रखने की जरूरत है। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है।

**कुंभ**

आज करियर के मामले में लाभ होगा। अपने काम में सावधानी रखें, वरना कोई समस्या पैदा हो सकती है। खानपान में लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें।

**मीन**

आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। बाहर जाते समय सतर्कता बरतें। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। कार्यस्थल पर विरोधियों का पराभव होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री लखमा हो सकते हैं गिरफ्तार, शराब घोटाले में ईडी को मिले अहम सबूत

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाला मामले में राज्य के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को ईडी गिरफ्तार कर सकती है। ईडी ने अपने आधिकारिक बयान में दावा किया है कि शराब घोटाले में लखमा के शामिल होने और उन्हें अवैध शराब बिक्री पर कमीशन मिलने के अहम सबूत मिले हैं। पूर्व मंत्री कवासी लखमा जब मंत्री थे तो उनकी गाड़ी में हमेशा एक शख्स उनके साथ घूमा करता था। उसका नाम सुशील ओझा है। वह कांग्रेस पार्टी में प्रदेश प्रतिनिधि के पद पर है। उसके घर पर ईडी ने छापा मारा था। रायपुर निवासी ओझा फिलहाल विदेश यात्रा पर है। वहीं, पूर्व मंत्री लखमा ने कहा वह ईडी के समक्ष 3 जनवरी को पेश होंगे। उन्होंने कहा कि जिन सबूतों की बात ईडी की टीम कर रही है, उन्हीं सबूतों के आधार पर उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर सकती है। इससे पहले ईडी इसी तरह के सूबतों का दावा करते हुए शराब कारोबारी और रायपुर के महापौर रहे एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर आबकारी विभाग के अधिकारी एपी त्रिपाठी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। ईडी ने छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 28 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के रायपुर, धमतरी और सुकमा जिलों में स्थित सात परिसरों में तलाशी अभियान चलाया था। तलाशी अभियान के दौरान ईडी ने घोटाले की प्रासंगिक अवधि के दौरान कवासी लखमा द्वारा नकद में पीओसी के उपयोग से संबंधित सबूत जुटाया था। इसके अलावा तलाशी में कई डिजिटल डिवाइस बरामद और जब्त की गई। ईडी ने एक्स पर इसकी जानकारी दी है।



### सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आत्मनिर्भरता की भविष्य की कुंजी : प्रहलाद जोशी

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय नवीकरणीय ऊर्जा और उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज कहा कि देश के लोगों को सौर ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। उन्होंने आज यहां एक कार्यक्रम में कहा कि अपने घरों और संस्थानों में सौर ऊर्जा का उत्पादन वास्तव में लोगों को विद्युत उर्जा उत्पादक बनने में सहायक होगा और वे उर्जा के मामले में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगे। उन्होंने लोगों से कहा कि उन्हें मुफ्त सुविधाओं के लिए सरकारों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। उन्होंने यहां 'सूर्य घर मुफ्त बिजली' योजना पर उपभोक्ताओं, एस्कॉम अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों के साथ एक परामर्श बैठक की। इसी कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देश के हर घर के लिए मुफ्त स्व-उत्पादित सौर ऊर्जा की महत्वाकांक्षी योजना है।

### लॉरेंस बिश्नोई साक्षात्कार मामला : पंजाब सरकार ने डीएसपी रैंक के अधिकारी को बर्खास्त किया

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब सरकार ने पुलिस हिरासत में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के साक्षात्कार की रिकॉर्डिंग की सुविधा देने के आरोप में पुलिस उपायुक्त (डीएसपी) रैंक के एक अधिकारी को बृहस्पतिवार को बर्खास्त कर दिया। बर्खास्तगी का आदेश गृह विभाग के सचिव गुरकीरत किरपाल सिंह ने जारी किया। सरकार ने डीएसपी गुरशेर सिंह संधू को बर्खास्त करने के लिए संविधान के अनुच्छेद-311 के तहत हासिल शक्तियों का इस्तेमाल किया। मार्च 2023 में एक निजी समाचार चैनल ने बिश्नोई के दो साक्षात्कार प्रसारित किए थे। बर्खास्तगी आदेश के मुताबिक, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की ओर से गठित एसआईटी (विशेष जांच दल) ने निष्कर्ष निकाला कि पंजाब पुलिस सेवा (पीपीएस) के अधिकारी संधू ने एक टीवी चैनल को उस समय बिश्नोई के साक्षात्कार की रिकॉर्डिंग की सुविधा प्रदान की, जब वह सीआईए, खरड़ की हिरासत में था। लॉरेंस बिश्नोई 2022 में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या से जुड़े मामले में आरोपी है। अक्टूबर में उसके साक्षात्कार के सिलसिले में सात पुलिस अधिकारियों को निलंबित किया गया था।

### भाजपा युवा मोर्चा का खोड़ा मंडल अध्यक्ष गैंगस्टर एक्ट के तहत गिरफ्तार

गाजियाबाद, एजेंसी। गाजियाबाद में खोड़ा पुलिस ने भाजपा युवा मोर्चा के खोड़ा मंडल अध्यक्ष अनुज कासना को गैंगस्टर अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। बुधवार देर शाम हुई इस गिरफ्तारी से गुस्साए बड़ी संख्या में पार्टी के युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बृहस्पतिवार को अपना विरोध प्रदर्शन करने इंदिरापुरम थाना के बाहर एकत्रित हुए। पांच घंटे से अधिक समय तक विरोध प्रदर्शन करते हुए इन कार्यकर्ताओं ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने पुलिस पर उनके नेता को अन्यायपूर्ण ढंग से निशाना बनाने का आरोप लगाया। उनका आरोप है कि यह गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित है। एसीपी (इंदिरापुरम) स्वतंत्र सिंह ने कहा कि कानून के मुताबिक पुलिस कार्रवाई की गई। उन्होंने पुष्टि की कि केसना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। केसना की गिरफ्तारी दो पूर्व आपराधिक मामलों को लेकर हुई जो उसके और उसके भाई अमित केसना के खिलाफ खोड़ा थाना में दर्ज की गई थी। इन मामलों में केसना और उसके भाई पर फायरिंग और फिरौती मांगने का आरोप है।

# सत्ता का हाइब्रिड मॉडल किसी को फायदा नहीं देगा: मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला

जम्मू , एजेंसी। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सत्ता संभालने के लगभग ढाई महीने बाद पहली बार मीडिया से आधिकारिक तौर पर बातचीत की। उन्होंने बृहस्पतिवार को श्रीनगर में शेरी कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में कहा कि हम दो महीने से सत्ता संभाल रहे हैं और केंद्रशासित प्रदेश में सरकार के कामकाज को समझने में समय लगा। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में शासन का 'हाइब्रिड मॉडल' किसी के लिए भी फायदेमंद नहीं है, जब सत्ता का एक ही केन्द्र होता है तभी तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है। शासन के 'हाइब्रिड मॉडल' से उनका आशय केन्द्र शासित प्रदेश होने के नाते जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल के पास शासन से जुड़ी अनेक संवैधानिक शक्तियां होने से है। अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में शासन के 'हाइब्रिड मॉडल' के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा, ''जाहिर है कि सत्ता के दोहरे केंद्र किसी के लिए फायदेमंद नहीं हैं। अगर शासन के लिए सत्ता के दोहरे केंद्र प्रभावी होते तो ये आपको अन्य जगहों पर भी दिखाई देते।'' मुख्यमंत्री ने एक सवाल पर कहा, ''कुछ मुद्दों पर मतभेद रहे हैं लेकिन राजभवन के साथ कोई टकराव नहीं हुआ।'' सत्ता का एक ही केंद्र बेहतर काम कर सकता है उन्होंने कहा, ''जब सत्ता का एक ही केंद्र होता है तो तंत्र बेहतर ढंग से काम करता है। केंद्र शासित प्रदेशों में तो सत्ता के दोहरे



केन्द्र सन्निहित होते हैं। कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं लेकिन उस पैमाने पर नहीं जितनी अटकलें थीं। ऐसी रिपोर्ट कोरी कल्पना मात्र है।'' अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार के कामकाज के संबंध में नियम उचित विचार-विमर्श के बाद तैयार किए जाएंगे और फिर उन्हें उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पास भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह उनमें से नहीं हैं जो लोगों से कहें कि वे राजभवन नहीं जाए। उन्होंने कहा, ''मैं तो कहूंगा कि लोगों को हर ऐसी जगह जाना चाहिए जहां उनके मुद्दे सुलझ सकते हैं फिर चाहे वह राजभवन हो या स्थानीय विधायक या अधिकारी।''

**आरक्षण पर सांसद मेहदी का विरोध लोकतंत्र का हिस्सा :** आरक्षण के मुद्दे पर अपनी पार्टी के सांसद आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी के विरोध के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) में लोकतंत्र है और किसी को भी बोलने का अधिकार है। उन्होंने गुपकार में अपने आवास के पास आरक्षण विरोधी प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा, ''नेकां पर अक्सर पारिवारिक पार्टी होने का आरोप लगाया जाता था लेकिन हमने हमेशा कहा है कि हम पार्टी में लोकतंत्र है और हर किसी को अपनी बात कहने का अधिकार है।

सकारात्मक पक्ष देखें कि कितना बदलाव आया है। एक समय था जब विरोध करना अवैध माना जाता था लेकिन अब लोग विरोध करते हुए मेरे दरवाजे तक पहुंचे। इसके बाद हमारी एक बैठक हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां तक आरक्षण का सवाल है तो उन्होंने प्रतिनिधियों को बता दिया है कि कैबिनेट उप-समिति गठित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी को उम्मीद है कि श्रीनगर से लोकसभा सदस्य मेहदी राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए इसी तरह का विरोध प्रदर्शन संसद में भी करेंगे। अब्दुल्ला ने कहा कि हम आरक्षित और अन्य श्रेणियों की लड़ाई लड़ सकते हैं, ''लेकिन पहले हमें अपनी नौकरियां बचानी होंगी। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के परिसर के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर उठे विवाद पर एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास और हमारी उत्पादक कृषि भूमि की सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है। अब्दुल्ला ने कहा, ''न हम अपनी जमीन बढ़ा सकते हैं और न ही विकास रुक सकता। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि विकास परियोजनाएं यथासंभव गैर-उत्पादक भूमि पर हों। मैंने पुलवामा से आए प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और उनसे कहा कि यदि आप पुलवामा में एनआईटी नहीं चाहते हैं तो हम इसे किसी अन्य स्थान पर ले जाएंगे।

**विपक्ष के आरोपों पर उमर :** सैटेलाइट कॉलोनी बनाए जाने के विपक्ष के आरोप पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव उनके सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा, ''आज जो लोग सबसे ज्यादा शोर मचा रहे हैं, वे वही लोग हैं जो ग्रेटर जम्मू और श्रीनगर की बात करते थे।'' अब्दुल्ला ने कहा, ''जब हम श्रीनगर के निवासियों से बात करते हैं तो वे भीड़भाड़ कम करने की बात करते हैं... आवास की समस्या है। एक ही घर में 3-4 परिवार रह रहे हैं और वे कहते हैं कि अगर उन्हें मौका मिला तो वे उपनगरों में चले जाएंगे।'' उन्होंने कहा,'' अगर टाउनशिप बनाई जाएंगी तो वे बाहरी लोगों को बसाने के लिए नहीं होंगी बल्कि श्रीनगर के लोगों के लिए होंगी ताकि शहर की भीड़भाड़ कम हो सके। लेकिन सरकार के सामने अभी तक ऐसा कोई प्रस्ताव या योजना नहीं है।

# शरीर पर 45 किलो रुद्राक्ष धारण कर महाकुंभ में पहुंचे गीतानंद गिरी महाराज?

प्रयागराज, एजेंसी। महाकुंभ 2025 में अब गिनती के दिन बाकी रह गए हैं। संगम तट पर संतों का डेरा जमने लगा है। देश भर से साधु और संन्यासी प्रयागराज में डेरा जमाने लगे हैं। इन्हीं संतों में से एक हैं गीतानंद गिरी जी महाराज। गीतानंद महाराज की एक खास बात उन्हें श्रद्धालुओं में काफी लोकप्रिय बना रही है। गीतानंद गिरी महाराज ने अपने शरीर पर सवा दो लाख से ज्यादा रुद्राक्ष धारण कर रखे हैं। लाइव हिन्दुस्तान के साथ बातचीत में गीतानंद गिरी महाराज ने अपने इस खास संकल्प के बारे में बताया।



**साल 2019 में लिया था संकल्प :** आवाहन अखाड़ा हरियाणा शाखा के सचिव गीतानंद महाराज ने बताया कि 2019 में प्रयागराज में हुए कुंभ के दौरान उन्होंने एक अनूठा संकल्प लिया था। यह संकल्प 12 साल तक प्रतिदिन सवा लाख रुद्राक्ष धारण करने को लेकर था। अभी उनके संकल्प को छह साल ही हुए हैं और रुद्राक्ष की संख्या आज सवा दो लाख के ऊपर पहुंच चुकी है। गीतानंद महाराज बताते हैं कि इन रुद्राक्ष का वजन 45 किलोग्राम से अधिक है। अभी उनके संकल्प में छह साल और बाकी हैं। ऐसे में रुद्राक्ष का वजन और बढ़ेगा।

**कितने देर धारण करते हैं रुद्राक्ष :** क्या गीतानंद महाराज 24 घंटे इन रुद्राक्ष को धारण करते हैं? इस सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि ऐसा नहीं है। दिन में 12 घंटे तक वह इन रुद्राक्ष को धारण करते हैं। यानी सुबह पांच बचे रुद्राक्ष धारण करने के बाद उसे शाम पांच बजे उतार देते हैं। जब तक रुद्राक्ष शरीर पर रहता है तब तक वो बेहद हल्का भोजन ग्रहण करते हैं और तपस्या करते हैं। गीतानंद जी महाराज ने बातचीत के दौरान निजी जिंदगी के राज भी खोले। उन्होंने बताया कि ब्राह्मण परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पिताजी रेलवे में टीटी थे।

## महाराष्ट्र की मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना से जल्द ही कुछ महिलाओं के नाम कट सकते हैं

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र की मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना से जल्द ही कुछ महिलाओं के नाम कट सकते हैं। राज्य सरकार ने महिलाओं के नामों की सूची की स्क्रूटनी की तैयारी की है। खबर है कि लिस्ट से उन महिलाओं को हटाया जाएगा, जो योजना के लिए पात्र नहीं थीं, लेकिन शामिल कर ली गई थीं। महायुति की जीत के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी सूची की जांच के संकेत दिए थे। गुरुवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि सरकार जल्द ही स्क्रूटनी शुरू करने जा रही है, ताकि अपात्र नामों को हटाया जा सके। कैबिनेट की बैठक के बाद उन्होंने बताया, राज्य सरकार लाडकी बहिन की लाभार्थियों की लिस्ट की स्क्रूटनी शुरू करने जा रही है। सरकार ने पात्रता से जुड़े आदेश जारी किए थे। मंत्री ने कहा, जांच इसलिए जरूरी है, ताकि सिर्फ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को योजना के तहत रकम मिल सके, जिनके परिवार की सालाना आय 2.5 लाख रुपये से कम है। खबर है कि सरकार स्क्रूटनी के लिए आयकर विभाग की मदद लेगी। इसके जरिए आवेदक के परिवार की आय का पता लगाया जाएगा। ऐसी महिलाओं को अपात्र माना जाएगा जो ऐसे परिवार से आती हैं, जहां चार पहिया वाहन है।

# पंजाब में तीन दिन बसों का चक्का जाम, मांगें पूरी न होने से गुस्साए रोडवेज कर्मी

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब में 3 दिनों के लिए सरकारी बसों का चक्का जाम रहने वाला है। 6 से 8 जनवरी को पंजाब में पी.आर.टी.सी. और पनबस बसें नहीं चलेंगी। मांगों को लेकर पीआरटीसी और पनबस कर्मचारी यूनियन ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री रिहायश के सामने प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। इस कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। पीआरटीसी और पनबस कर्मचारी यूनियन का कहना है कि मंत्रियों द्वारा उनकी मांगों संबंधी कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। अधिकारी कई बार उनकी मांगों को पूरा करने का वादा कर चुके हैं लेकिन सब कुछ टाल दिया गया है। इसके चलके 3 दिन बसों का चक्का जाम किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री आवास के बाहर धरना देकर गुस्से का इजहार किया जाएगा। इसके तहत बस स्टैंड को बंद करने की भी योजना बनाई जाएगी और निजी बसों को बस स्टैंड में नहीं जाने दिया जाएगा।

**7 जनवरी को सीएम आवास की ओर किया करेंगे कूच :** पी.आर.टी.सी. और पनबस के कांट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन पंजाब के प्रधान रेशम सिंह ने ऐलान किया है कि तय किए गए कार्यक्रम के अनुसार पी.आर.टी.सी. और पनबस के कर्मचारी 6 से 8 जनवरी तक सामूहित हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान पंजाब के किसी हिस्से में कोई बस नहीं चलाई जाएगी। हालांकि इस हड़ताल का सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा, लेकिन इसके बावजूद यूनियन नेताओं का कहना है कि उनके पास पंजाब सरकार से अपनी मांगें मनवाने के लिए अब कोई अन्य रास्ता नहीं बचा है। यूनियन प्रधान का कहना है कि 11 दिसम्बर को किए गए ऐलान अनुसार 2 जनवरी को सभी डिपुओं के बाहर धरना प्रदर्शन किए गए। अब 6 से 8



जनवरी तक पंजाब में पी.आर.टी.सी. और पनबस के कांट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन के सभी सदस्य हड़ताल पर रहेंगे। 7 जनवरी को मुख्यमंत्री भगवंत मान के संगरूर स्थित निवास का घेराव करने के लिए कूच करेंगे। यूनियन नेता ने कहा कि कई बार पंजाब सरकार के साथ उनकी मांगों को लेकर बैठक हो चुकी है, लेकिन हर बार उनकी मांगों को लेकर उन्हें महज भरोसा दिया जाता है, लेकिन कोई मांग स्वीकार नहीं की जा रही है। कच्चे मुलाजिमों को पक्का करने की मांग यूनियन की ओर से बीते नौ सालों से की जा रही है, लेकिन सरकार उनकी मांगों को लेकर गंभीर नहीं है।

**महिलाओं की मुफ्त यात्रा के 600 करोड़ रुपए सरकार ने नहीं किए अदा :** रेशम सिंह ने बताया कि इस समय पी.आर.टी.सी. के पास 1100 और पनबस के पास करीब 600 बसें हैं। पंजाब सरकार और सीनियर अधिकारी प्राइवेट ट्रांसपोर्ट कंपनियों के साथ मिले हुए हैं। यही कारण है कि सरकारी बेड़े में बसों की संख्या लगातार कम हो रही है। उन्होंने कहा कि टूरिस्ट बसों को महज अपने कार्यालय से यात्रियों को किसी एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने की अनुमति परमिट अनुसार है लेकिन अधिकारियों के इशारे पर टूरिस्ट बसें हर बस अड्डों के बाहर से यात्रियों को अपनी बसों में बिठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस समय पंजाब सरकार महिलाओं को मुफ्त बस सेवा का करीब 600 करोड़ रुपए अदा नहीं कर रही, जिस कारण उनका वेतन समय से नहीं मिल रहे। करीब 4 महीनों से कांट्रैक्ट कर्मियों के ई.पी.एफ. में 1950 रुपए प्रति कर्मचारी जमा नहीं करवाया जा रहा, जिसकी कुल राशि करीब साढ़े चार करोड़ रुपए के पास हो चुकी हैं। यूनियन नेता के अनुसार पनबस और पी.आर.टी.सी. के पास इस समय 2 हजार कांट्रैक्ट कर्मचारी और करीब 6 हजार आऊटसोर्स कर्मचारी हैं, जो लंबे समय से अपनी मांगें पूरा होने की इंतजार कर रहे हैं।

# शेख हसीना को बांग्लादेश को सौंपने के मूड में नहीं है भारत, प्रत्यर्पण की मांग को कर सकता है खारिज

नईदिल्ली, एजेंसी। बांग्लादेश ने भारत से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण का अनुरोध किया है। सूत्रों के अनुसार भारत इस आग्रह पर प्रतिक्रिया देने के मूड में नहीं है। बांग्लादेश ने इसके लिए आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा नहीं किया है। बांग्लादेश ने 23 दिसंबर को दिल्ली स्थित उच्चायोग के माध्यम से भारत सरकार के विदेश मंत्रालय को एक नोट भेजा था, जिसपर किसी के हस्ताक्षर नहीं थे। सूत्रों के अनुसार, यह कूटनीतिक संवाद का एक निचला स्तर है। प्रत्यर्पण जैसे संवेदनशील मामलों के लिए आमतौर पर इसका उपयोग नहीं किया जाता है।

शेख हसीना पिछले कुछ समय से भारत में रह रही हैं। उन्होंने छात्रों के उग्र आंदोलन के बाद बांग्लादेश छोड़ दिया था और भारत में शरण ली थी। युनुस और बांग्लादेश की शासन में शामित बड़े नेताओं ने हसीना के भारत में मौजूदगी और उनके बयान को तनाव का कारण बताया है। आपको यह भी बता दें की आंदोलनकारी छात्र ही शेख हसीना को



वापस लाने का दबाव अंतरिम सरकार पर बना रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि प्रत्यर्पण कोई साधारण प्रक्रिया नहीं है। इसके लिए दोनों पक्षों को अपने-अपने कर्तव्यों का पालन करना होता है। प्रत्यर्पण के खिलाफ कानूनी चुनौती उठाने का विकल्प अभी तक इस्तेमाल नहीं किया गया है। इसके अलावा, भारत-बांग्लादेश प्रत्यर्पण संधि 2013 के तहत कुछ प्रावधान हैं, जिनके तहत प्रत्यर्पण अनुरोध को अस्वीकार किया जा सकता है। संधि के अनुच्छेद 6 के अनुसार, यदि अपराध राजनीतिक प्रकृति का हो तो प्रत्यर्पण को अस्वीकार किया जा सकता है।

भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयस्वाल ने 23 दिसंबर को पुष्टि की थी कि भारत को बांग्लादेश से एक नोट प्राप्त हुआ है, लेकिन उन्होंने इस पर और कोई टिप्पणी करने से इनकार किया। भारत को बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे हमलों को लेकर चिंता है। हालांकि हाल के दिनों में कुछ बदलाव देखने को मिले हैं। बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान ने हाल ही में एक प्रमुख बांग्ला समाचार पत्र में कहा कि बांग्लादेश भारत के साथ अपने रिश्तों को संतुलित रखेगा और दोनों देशों के बीच निष्पक्षता पर आधारित संबंध होंगे।

इस बीच बांग्लादेश और भारत ने 185 मछुआरों का आपसी आदान-प्रदान किया, जो कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा पार करने के कारण गिरफ्तार किए गए थे। यह आदान-प्रदान 5 जनवरी को पूरा होगा। 95 भारतीय और 90 बांग्लादेशी मछुआरों का आदान-प्रदान किया जाएगा।

# भाजपा ने प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव के लिए नियुक्त किए अधिकारी, मनोहर लाल को बिहार का जिम्मा

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) ने प्रदेश अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के चुनाव के लिए चुनाव अधिकारियों की घोषणा कर दी है। 15 जनवरी तक नए प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव करा लेने का ऐलान किया गया है। पार्टी की तरफ से जो सूची जारी की गई है, उनमें केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव को गुजरात, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को कर्नाटक, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को उत्तर प्रदेश, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को बिहार, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को मध्य प्रदेश के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनके अलावा गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी को राजस्थान, केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू को सिक्किम, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को असम, सर्बानंद सोनोवाल को अरुणाचल प्रदेश, केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी को केरल, केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह हिमाचल प्रदेश, पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े को छत्तीसगढ़, पूर्व गवर्नर तमिलिसाई सुंदरराजन को अंडमान निकोबार, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को लद्दाख का चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, पार्टी ने 15 जनवरी 2025 तक प्रदेश अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों का चुनाव पूरा करने की समय सीमा तय की है। इसके बाद,



राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। माना जा रहा है कि इस महीने के आखिर तक भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा हो सकती है। फिलहाल जेपी नड्डा भाजपा के अध्यक्ष हैं। वह केंद्रीय मंत्रिमंडल के भी सदस्य हैं। जून 2019 में नड्डा को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष और जनवरी 2020 में पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाया गया था। इस साल फरवरी में उनका कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ाया गया था। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नड्डा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया था और उन्हें स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया था। भाजपा में एक व्यक्ति एक पद का नियम भी है, जिसके चलते उन्हें अध्यक्ष पद छोड़ना पड़ेगा।

# महाराष्ट्र सरकार में खटपट? एकनाथ शिंदे के फैसले पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने लगाई रोक, जांच के आदेश

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने उप मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा पूर्ववर्ती सरकार में लिए एक फैसले पर रोक लगा दी है और उसकी जांच के आदेश दिए हैं। पूर्ववर्ती सरकार में फडणवीस उपमुख्यमंत्री थे। पिछली सरकार में परिवहन विभाग तब के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास था। यह मामला उसी विभाग से जुड़ा हुआ है। शिंदे ने महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के लिए बसें किराए पर लेने का फैसला किया था लेकिन अब फडणवीस ने उस फैसले पर ना सिर्फ रोक लगाई है बल्कि उसकी जांच के भी आदेश दिए हैं। अब राज्य में नई महायुति सरकार के कार्यभार संभालने के बाद मुख्यमंत्री फडणवीस हर विभाग के काम की समीक्षा कर रहे हैं और पहले 100 दिनों के कार्यकाल के लिए उनकी योजनाओं पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने प्रेजेंटेशन दिए जाने के बाद सोमवार को परिवहन विभाग का जायजा लेते हुए शिंदे के फैसले की समीक्षा कराने की बात कही थी लेकिन अब उस पर रोक लगाकर जांच के आदेश दिए गए हैं। हालांकि, अभी यह साफ नहीं हो सका है कि मुख्यमंत्री पिछली सरकार के और भी फैसलों की समीक्षा करेंगे या नहीं। विपक्ष ने किराए पर बस लेने



की योजना में 2800 करोड़ रुपये के घोटाले के आरोप लगाए थे। विपक्ष के नेता अम्बादास दानवे ने कहा कि इस बारे में उन्हें कोई स्पष्टीकरण अब तक नहीं मिला है। महाराष्ट्र विधानसभा में नेता विपक्ष दानवे ने इस मामले में घोटाले के आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि 2022 में एमएसआरटीसी ने तेल समेत 44 रुपये प्रति किलोमीटर के हिसाब से बस किराए पर लिया था। विभागीय प्रजेंटेशन के दौरान परिवहन विभाग के अधिकारियों ने फडणवीस को बताया कि एमएसआरटीसी ने हाल ही में 1,310 बसों को किराए पर लेने के लिए तीन निजी कंपनियों को आशय पत्र (एलओआई) दिया था। इसमें ईंधन लागत को छोड़कर 34.70 रुपये से 35.10 रुपये प्रति किमी की दर से बसों को किराया भुगतान करने का फैसला किया गया है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि 2022 में एमएसआरटीसी ने ईंधन लागत समेत 44 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से बसें किराए पर ली थीं। अधिकारियों ने कहा कि अगर ईंधन की लागत 22 रुपये प्रति किमी को ध्यान में रखे तो प्रत्येक बस की लागत 56 से 57 रुपये प्रति किमी बैठ रहा है, जो पिछले समझौते की तुलना में प्रति किमी 12 से 13 रुपये ज्यादा है। इसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने 1310 बसों को किराए पर लेने के फैसले पर रोक लगा दी। मुख्यमंत्री ने विभाग के अतिरिक्त सचिव को मामले की जांच करने का भी आदेश दिया है और इस मामले में रिपोर्ट तलब किया है। फडणवीस के फैसले ने पूर्व सीएम शिंदे के फैसले की योग्यता पर सवाल खड़े कर दिए हैं क्योंकि टेंडर प्रक्रिया सितंबर 2024 में शुरू की गई थी, जब वह मुख्यमंत्री थे।

# संन्यास लेते ही रविचंद्रन अश्विन का हुआ नुकसान

- ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज ने छीन ली कुर्सी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय स्पिनर अश्विन ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट मैच के बाद संन्यास का ऐलान कर दिया था। सीरीज के बीच से ही वह भारत लौट गए। संन्यास लेते ही अश्विन को बड़ा नुकसान हो गया है। ऑस्ट्रेलिया के नेथन लियोन ने उनकी जगह ले ली है। सिडनी टेस्ट की पहली पारी में नेथन लायन और पैट कमिंस ने भारतीय स्पिनर को पीछे छोड़ दिया और उनकी नंबर वन की कुर्सी छीन ली है।

अश्विन थे नंबर वन

सिडनी टेस्ट से पहले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में अश्विन सबसे आगे थे। हालांकि अब वह तीसरे नंबर हैं। अश्विन ने संन्यास से पहले 2019 से शुरू हुई वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 41 मैच खेले थे। उन्होंने इस दौरान उन्होंने 197 विकेट 195 लिए। हालांकि अब कमिंस और लियोन उनसे आगे निकल गए हैं।

**कमिंस टॉप स्थान पर पहुंचे**

कमिंस ने सिडनी टेस्ट की पहली पारी में 2 विकेट लिए हैं। अब उनके नाम 197 विकेट लिए हैं और वह इस लिस्ट में टॉप स्थान पर हैं। वहीं नेथन ने एक विकेट लिया और अश्विन को पीछे छोड़कर दूसरा नंबर हासिल कर लिया। उनके नाम अब 196 विकेट लिए हैं।

**वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत के सफल गेंदबाज**

हालांकि अश्विन अभी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी हैं। अश्विन एक बार 10 विकेट हॉल और 11 बार पांच विकेट हॉल ले चुके हैं। वह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा पांच विकेट हॉल लेने वाले गेंदबाज हैं। अश्विन के बाद इस लिस्ट में दूसरे भारतीय जसप्रीत बुमराह हैं। बुमराह ने अब तक वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 35 मैच खेले हैं जिसमें वह 155 विकेट ले चुके हैं।

# विराट कोहली की हालत बद से बदतर

- 2024 में दर्ज हुआ सबसे घटिया रिकॉर्ड, बुमराह के आंकड़े ज्यादा बेहतर

**सिडनी, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम इस समय सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का अंतिम टेस्ट खेल रही है. यह सीरीज फैंस के लिए निराशाजनक रही, खासकर इसलिए क्योंकि विराट कोहली जैसे बड़े खिलाड़ी फॉर्म में नहीं लौट पाए. कोहली का खराब प्रदर्शन सिडनी टेस्ट में भी देखने को मिला. सिडनी टेस्ट की पहली पारी में कोहली सिर्फ 17 रन बनाकर स्कॉट बोलैंड की गेंद पर आउट हो गए.



पिछले एक साल में विराट कोहली का प्रदर्शन चिंता का विषय बन गया है. 2024 से अब तक उन्होंने पहली पारी में 5 मैच खेले हैं, जिसमें उनका बल्लेबाजी औसत सिर्फ 7.00 रहा है. यह आंकड़ा उन्हें भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से भी पीछे छोड़ देता है. भारत के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज माने जाने वाले विराट कोहली की फॉर्म में लगातार गिरावट आ रही है. 2024 से जसप्रीत बुमराह का औसत कोहली से ज्यादा है.

**आंकड़ों ने किया हैरान**

भारत के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज माने जाने वाले विराट कोहली की फॉर्म में लगातार गिरावट आ रही है. 2024 से जसप्रीत बुमराह का औसत कोहली से ज्यादा है. बुमराह ने पहली पारी में 10.00 की औसत से रन बनाए हैं, जो उन्हें इस लिस्ट में कोहली से ऊपर रखता है.

**कोहली के टेस्ट करियर पर लगेगा ब्रेक?**

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 सीरीज में भारतीय टीम के अनुभवी खिलाड़ियों ने उम्मीद से भी खराब प्रदर्शन किया है. वहीं, युवा भारतीय खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी है. इस सीरीज में अब तक भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हैं. यशस्वी ने अब तक 9 पारियों में 46.12 की औसत से 369 रन बनाए हैं.

रोहित शर्मा के टेस्ट करियर का The End? गावस्कर-शास्त्री ऐसा ही मानते हैं

# आखिरी बार खेलते देख लिया...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5वें और आखिरी टेस्ट से खुद को बाहर रखा. रोहित मौजूदा सीरीज के 3 टेस्ट की 5 पारियों में 31 रन ही बना सके थे. उपकप्तान जसप्रीत बुमराह आखिरी टेस्ट में कप्तानी कर रहे हैं, जिन्होंने रोहित की गैरमौजूदगी में पहले टेस्ट में भी कप्तानी की थी. भारत के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री का मानना है कि बॉक्सिंग-डे टेस्ट शायद रोहित शर्मा का आखिरी टेस्ट था. गावस्कर ने पहले दिन के खेल के दौरान कहा ,'इसके मायने हैं कि अगर भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं करता है तो मेलबर्न टेस्ट रोहित का आखिरी टेस्ट होगा.'



उन्होंने कहा,'विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के साथ शुरू होगा और चयनकर्ता ऐसे खिलाड़ी को चाहेंगे जो 2027 फाइनल खेल सके. भारत वहां पहुंचता है या नहीं, यह बाद की बात है लेकिन चयन समिति की यही सोच होगी.' उन्होंने कहा ,'हमने शायद रोहित शर्मा को आखिरी बार टेस्ट खेलते देख लिया.' वहीं, शास्त्री ने कहा ,'टॉस के समय मेरे पूछने से पहले ही जसप्रीत बुमराह ने यह बात कही कि कप्तान ने बाहर रहने का फैसला किया है और कहा कि शुभमन गिल के खेलने से टीम मजबूत होगी.' उन्होंने कहा, 'यह होता है जब आपके रन नहीं बन रहे हो और मानसिक रूप से आप वहां नहीं हों. यह कप्तान का काफी साहसी फैसला है कि वह इस मैच में बाहर रहने को तैयार हुए. भारत सीरीज में 1-2 से पीछे है और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने पास रखने के लिए उसे सिडनी टेस्ट हर हालत में जीतना है. अगर यहां टीम हारती है तो डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की सारी उम्मीदें खत्म हो जाएंगी. भारत को अगली टेस्ट सीरीज जून में खेलनी है.

शास्त्री ने कहा ,'अगर घरेलू सीजन चालू होता तो वह आगे खेलने की सोच भी सकते थे, लेकिन मुझे लगता है कि वह इस टेस्ट के बाद घोषणा कर देंगे.'

इंडिया-ऑस्ट्रेलिया टेस्टः

# सिडनी टेस्ट का पहला दिन ऑस्ट्रेलिया के नाम



**सिडनी, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आखिरी टेस्ट सिडनी में 3 जनवरी से शुरू हुआ. इस मुकाबले में भारतीय टीम पहली पारी में 185 रनों पर ढेर हो गई. जवाब में अब ऑस्ट्रेलिया ने स्टम्प तक 9 रन एक विकेट के नुकसान पर बना लिए हैं. जसप्रीत बुमराह ने पहले दिन का खेल खत्म होने से कुछ देर पहले ही उस्मान ख्वाजा को आउट किया.

भारत की पहली पारी में सबसे ज्यादा 40 रन ऋषभ पंत ने बनाए. वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा 4 विकेट स्कॉट बोलैंड ने लिए. भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह इस मैच में कप्तानी कर रहे हैं. रोहित शर्मा ने इस मुकाबले में नहीं खेलने का फैसला किया. पर्थ में भारत ने पहला टेस्ट 295 रनों से मैच जीता. फिर एडिलेड टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीता. इसके बाद ब्रिस्बेन टेस्ट ड्रॉ रहा. मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया ने 184 रनों से धांसू जीत दर्ज की.

भारत की पहली पारी के जवाब में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी बेहद खराब रही और भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने सबसे पहली सफलता दिलाई. बुमराह ने उस्मान ख्वाजा को 2 रनों पर आउट करने के बाद जबरदस्त तरीके से जश्न मनाया. वो सैम कोंस्टास के पास जश्न मनाते हुए चले गए. दरअसल ख्वाजा को आउट करने से एक गेंद पहले ही कोंस्टांस की बुमराह से बहस हो गई थी. स्टम्प तक ऑस्ट्रेलिया ने 9 रन एक विकेट के नुकसान पर बना लिए हैं. अब कल (3 जनवरी) को एक बार फिर कैप्टन बुमराह से शानदार गेंदबाजी की उम्मीद रहेगी.

**भारत की पहली पारी 185 रनों पर ढेर**

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही. भारतीय टीम को पहला झटका केएल राहुल (4) के रूप में लगा, जो मिचेल स्टार्क की गेंद पर स्क्वायर लेग पर सैम कोंस्टास को कैच थमा बैठे. फिर दूसरे ओपनर यशस्वी जायसवाल (10) भी स्कॉट बोलैंड की गेंद को तीसरी स्लिप में खेल गए. इसके बाद शुभमन गिल (20) विकेट पर कोहली के साथ डटकर खेले, लेकिन वो लंच से पहले नाथन लायन की गेंद को आगे बढ़कर खेलने के चक्कर में स्लिप पर स्टीव स्मिथ को कैच थमा बैठे. इस शॉट की लंच से ठीक पहले बिल्कुल भी जरूरत नहीं थी.

लंच के बाद विराट कोहली भी एक बार फिर से पुराने ढर्रे पर ऑफ स्टम्प की गेंद को जबरिया खेलने के चक्कर में आउट हुए. कोहली (17) रन बनाकर ब्यू वेबस्टर के हाथों स्कॉट बोलैंड की गेंद पर आउट हो गए. कोहली इस सीरीज में कई बार ऑफ साइड की गेंद को जबरिया खेलने के चक्कर में पहले भी आउट हुए हैं. इसके बाद पंत और जडेजा ने पारी संभाली, पंत (40) अच्छे टच में लग रहे थे, लेकिन वह भी गैरजरूरी शॉट खेलते हुए बोलैंड की गेंद पर कमिंस को कैच थमा बैठे. इससे अगली ही गेंद पर नीतीश रेड्डी (0) भी आउट हो गए.

जडेजा (26) कुछ संभलकर खेल रहे थे, पर वो तब आउट हुए जब टीम इंडिया का स्कोर 134 था. निचले क्रम पर आए सुंदर (14), कृष्णा (03) कुछ खास नहीं कर सके.



# मिशेल स्टार्क की गेंद पर चोटिल हुए ऋषभ पंत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऋषभ पंत को शुक्रवार को स्टत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट के पहले दिन मिशेल स्टार्क की शॉर्ट गेंद से चोट लग गई। यह घटना भारत की पारी के 35वें ओवर में हुई जब पंत स्टार्क की तेज बाउंसर को रोकने की कोशिश कर रहे थे, तभी उनके हाथ में चोट लग गई। गेंद लगने से हाथ वह हिस्सा काला पड़ गया। पंत ने तुरंत डॉक्टर को बुलाया और टीम के फिजियो ने चोट पर आइस पैक लगाया। स्टार्क के अगले ही ओवर में उन्होंने 144.6 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से एक और तेज शॉर्ट गेंद फेंकी, जो पंत के हेलमेट पर लगी। गेंद ग्रिल पर लगी, जिससे पंत को प्रतिक्रिया करने का बहुत कम समय मिला। स्टार्क तुरंत पंत की जांच करने के लिए दौड़े और मुकाबले की गर्मी में खेल भावना का परिचय दिया। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पांचवें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में भारत की कप्तानी कर रहे हैं जिसमें मेहमान टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया वर्तमान में पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है।

विजय हजारे ट्राफीः

# श्रेयस अय्यर ने लगाया सीजन का दूसरा शतक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुंबई क्रिकेट टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट के इस सीजन में अपना दूसरा शतक लगाया। उन्होंने राउंड 6 के मुकाबले में पुडुचेरी के खिलाफ ये कमाल किया और अपनी टीम को मुश्किल स्थिति से निकालने का काम किया। श्रेयस अय्यर ने टीम के लिए कप्तानी पारी खेलते हुए स्कोर को 300 के पास पहुंचाने का काम किया। इस मैच में मुंबई ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया था और उसके बाद श्रेयस की नाबाद शतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में 9 विकेट पर 290 रन बनाए और पुडुचेरी को जीत के लिए 291 रन का टारगेट दिया। श्रेयस ने इस सीजन के पहले मुकाबले में शतक लगाया था और अब छठे लीग मैच में भी उन्होंने ये कमाल किया। हालांकि इस बीच उन्होंने कुछ मैच अपनी टीम के लिए नहीं खेले थे।

श्रेयस ने इस सीजन का पहला शतक कर्नाटक के खिलाफ लगाया था और उन्होंने नाबाद 114 रन की पारी खेली थी। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 82 रन के स्कोर पर पहले 5 विकेट गंवा दिए थे और टीम मुश्किल में नजर आ रही थी, लेकिन इसके बाद श्रेयस ने अपनी बल्लेबाजी का कमाल दिखाया और ना सिर्फ टीम के स्कोर को 290 तक पहुंचाया बल्कि नाबाद पवेलियन लौटे। उन्होंने पुडुचेरी के खिलाफ 133 गेदों पर नाबाद 134 रन बनाए और इस दौरान उनके बल्ले से 4 छक्के और 16 चौके भी निकले।

श्रेयस की शतकीय पारी के अलावा मुंबई के लिए इस मैच में सिद्धार्थ लाड ने 34 रन की पारी खेली जबकि अथर्व अकोलकर ने 3 छक्के और 2 चौकों की मदद से 43 रन की पारी खेली। शार्दुल ठाकुर ने भी निचले क्रम पर तेज बल्लेबाजी की और एक छक्का और एक चौके की मदद से 14 गेंदों पर 16 रन बनाए जबकि सूर्यांश शेडगे ने 10 रन की पारी खेली।



# ओसाका 2022 के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में

**ऑकलैंड, एजेंसी।** पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका शुक्रवार को एएसबी क्लासिक में हैली बैपटिस्ट पर 6-7(2), 6-1, 6-2 से क्वार्टरफाइनल जीत के बाद लगभग तीन साल में अपने पहले डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में पहुंच गई। ओसाका ने मैच के दौरान दो बार बारिश के व्यवधानों को झेला और 2 घंटे और 2 मिनट के खेल के बाद उभरती अमेरिकी बैपटिस्ट को बाहर कर दिया। जापानी खिलाड़ी ने 12 महीने पहले मातृत्व अवकाश से लौटने के बाद अपने पहले टूर-लेवल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछली बार जब वह डब्ल्यूटीए इवेंट में अंतिम चार या उससे बेहतर स्थान पर पहुंची थी, तो वह 2022 मियामी में उपविजेता रही थी, जहां वह इगा स्वीयाटेक से हार गई थी। उसने पिछले साल दो क्वार्टरफाइनल (दोहा और एस -हेरटोगेनबॉश) में जगह बनाई थी। ओसाका ने जीत के बाद कोर्ट पर कहा, मुझे लगता है कि मेरा मुख्य ध्यान सिर्फ खुद पर बहुत अधिक विश्वास और आत्मविश्वास रखने पर था। मुझे लगता है कि मैंने पिछले साल भर बहुत मेहनत की, और भले ही नतीजों ने इसे नहीं दिखाया, मुझे लगता है कि मैं बस कोशिश करना जारी रखूंगी, मुझे लगता है, जितना हो सके उतना प्रयास करूंगी और देखूंगी कि यह मुझे कहां ले जाता है। ओसाका ने अंतिम सेट में अपना दबदबा जारी रखा, जिसमें दिन का उनका 10वां और अंतिम ऐस उनके पहले मैच प्वाइंट पर पहुंचा। ओसाका ने 2023 में बेटी शाई को जन्म देने के बाद पहली बार फाइनल चार में जगह बनाने के लिए अपना स्थान पक्का किया।

# भारतीय क्रिकेटर शेल्डन जैक्सन ने अचानक कर दी संन्यास की घोषणा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट शेल्डन जैक्सन ने संन्यास की घोषणा कर दी है. वे अब वनडे या टी20 फॉर्मेट में नजर नहीं आएंगे. शेल्डन डोमेस्टिक क्रिकेट में सौराष्ट्र के लिए खेलते हैं और कई मौकों पर कमाल दिखा चुके हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन ने शेल्डन जैक्सन के संन्यास की पुष्टि की है. एसोसिएशन ने बयान भी जारी किया है. शेल्डन जैक्सन इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल चुके हैं. एक खबर के मुताबिक शेल्डन जैक्सन ने संन्यास का ऐलान कर दिया है. सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जयदेव शाह ने इस पर प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा, शेल्डन को कड़ी मेहनत और लगन ने मजबूत खिलाड़ी बनाया. उनका हर फॉर्मेट के प्रति समर्पण का भाव सराहनीय है. उन्होंने व्हाइट बॉल क्रिकेट को अलविदा कह दिया है. लेकिन शेल्डन के रिकॉर्ड युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेंगे.

जैक्सन लिस्ट ए में 86 मैच खेल चुके हैं. उन्होंने इस दौरान 2792 रन बनाए हैं. शेल्डन ने इस फॉर्मेट में 9 शतक और 14 अर्धशतक लगाए हैं. उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 150 रन रहा है. वे 84 टी20 मैचों में 1812 रन बना चुके हैं. इस दौरान 1 शतक और 11 अर्धशतक लगाए हैं. शेल्डन का टी20 में नाबाद 106 रन सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है. वे फर्स्ट क्लास में 103 मैच खेल चुके हैं.

# संयुक्त संचालक सागर ली जिले के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

**पन्ना।** मंडल परीक्षाओ में बेहतर परीक्षा परिणामों हेतु संयुक्त संचालक मनीष वर्मा लोक शिक्षण सागर संभाग सागर का दौरा पूरे संभाग के प्रत्येक जिले में जारी है, उसी कड़ी में नववर्ष के अवसर पर पन्ना जिले में भी गत वर्ष की मंडल परीक्षा के परिणामों की समीक्षा बैठक मनीष वर्मा संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण सागर की अध्यक्षता में स्थानीय डाइट पन्ना के सभागार में संपन्न हुई, श्री वर्मा के साथ एम. के. चढ़ार सहायक संचालक लोक शिक्षण सागर, रवि प्रकाश खरे जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना, सहायक संचालक अमित जैन एवं नीतेश दुबे, जिला परियोजना समन्वयक अजय गुप्ता, समस्त विकास खंड शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त परियोजना समन्वयक श्रीमती भारती श्रीवास्तव, सहायक परियोजना समन्वयक विभूति मोहन पटेरिया, जिला व्यावसायिक समन्वयक पुष्पराज सिंह परमार सहित जिले के सभी शासकीय हाई



एवं उ.मा. विद्यालयों के प्राचार्य समीक्षा बैठक में उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के प्रारंभ में जिला शिक्षा अधिकारी रवि प्रकाश खरे द्वारा जिले में इस वर्ष मंडल परीक्षाओं में बेहतर परीक्षा परिणामों के लिए जिला, विकास खंड एवं संस्था स्तर पर की जा रही अकादमिक तैयारियों से संयुक्त संचालक श्री वर्मा को अवगत कराया एवं बेहतर परीक्षा परिणामों के लिए संयुक्त संचालक श्री वर्मा को पन्ना जिले की ओर से आश्वस्त किया, समीक्षा बैठक के दौरान संयुक्त संचालक श्री वर्मा ने गत वर्ष की मंडल परीक्षा में 30 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले विद्यालय के प्राचार्यों से एक एक करके कम परीक्षा परिणाम के कारणों की चर्चा की, इसके उपरांत जिले के सर्वाधिक परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों के प्राचार्यों को मंच पर आमंत्रित कर उनसे अच्छे परीक्षा परिणाम लाने के प्रयासों को सभी प्राचार्यों के साथ साझा करने के निर्देश दिए, जिसके परिपालन में सी.एम.राइज मॉडल स्कूल उमावि अजयगढ़ के प्राचार्य वीरेंद्र मिश्रा ने विद्यालय के अच्छे परिणामों के लिए गत वर्ष किए गए प्रयासों को विस्तृत तरीके से सामूहिक रूप से साझा किया गया। गत वर्ष के अच्छे एवं खराब परीक्षा परिणामों की समीक्षा उपरांत संयुक्त संचालक श्री वर्मा ने वर्तमान सत्र के त्रैमासिक एवं अर्ध वार्षिक परीक्षा परिणामों की भी समीक्षा कर निदानात्मक कक्षाओं का सफल संचालन एवं राज्य व जिला स्तर से प्रदत्त महत्व पूर्ण पाठ्य सामग्री मॉड्यूल के वितरण को प्रत्येक विद्यार्थियों तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने हेतु प्राचार्यों को निर्देशित किया गया, उन्होंने संस्था में शिक्षकों को सक्रिय रहने के लिए वॉक, टॉक एवं चॉक के सिद्धांत को विस्तृत ढंग से समझाया जिसमें उन्होंने बताया कि शिक्षकों को वॉक मतलब कक्षा में चलते हुए कक्ष निरीक्षण करना एवं विद्यार्थियों की गतिविधियों पर ध्यान देना है, टॉक मतलब शिक्षकों को कक्षा को सक्रिय बनाए रखने हेतु विद्यार्थियों से शिक्षण के दौरान बीच बीच में उनकी विषय की तैयारी की चर्चा करना, उनके कठिनाई के क्षेत्रों पर चर्चा करना एवं चॉक मतलब विद्यार्थियों से शैक्षिक संवाद करते हुए उन्हें श्याम पट पर जटिल अवधारणाओं को अनिवार्यत: सरलीकृत कर स्पष्ट करना चाहिए। तभी विधालय का सफल संचालन हो सकेगा। इसके अतिरिक्त शासन की अन्य छात्र हितैषी योजनाओं जैसे छात्रवृत्ति वितरण, अपार आई डी तैयार करवाना, प्रधानमंत्री के साथ परीक्षा पे चर्चा हेतु विद्यार्थियों का अधिकतम ऑनलाइन पंजीयन कराना साथ ही जिला एवं विकास खंड स्तर पर शिक्षकों कर्मचारियों के हितों के लिए प्रकरणों के निपटारे के लिए शीतकालीन अवकाश में शिविर का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक के अंत में संयुक्त संचालक एवं जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना द्वारा शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों एवं प्राचार्यों को इस वर्ष मंडल परीक्षाओं में बेहतर परिणामों हेतु संकल्प दिलाते हुए पुन: नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## आर.आर.आर केन्द्र के अंतर्गत नेकी की दीवार थैला बैंक, पुस्तक, बर्तन एवं खिलौना बैक, जूता बैंक का शुभारंभ

**पन्ना।** नगरपालिका परिषद पन्ना की अध्यक्ष श्रीमती मीना विष्णु पाण्डे एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशि कपूर गढ़पाले ने 3 आर (रिड्यूज, रियूज, रिसाइकिल) सिद्धांत में रीयूज के अंतर्गत नेकी की दीवार थैला बैंक, पुस्तक बैंक, बर्तन एवं खिलौना बैक, जूता बैंक कार्यक्रम का आयोजन किया। पूर्व सीएमओ एवं कचरा प्रबंधन के विशेषज्ञ डीडी तिवारी ने नेकी की दीवार बर्तन एवं खिलौना बैंक, थैला बैंक, जूता बैंक, पुस्तक बैंक की उपयोगिता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रहवासी संघ, स्वसहायता समूहो, स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से संचालित करने का सुझाव दिया उन्होंने बताया कि उपरोक्त बैंकों के माध्यम से सभी घरो में अतिरिक्त रखी हुई सामग्री का उचित उपयोग किया जा सकता है। उन्होनें बताया कि नेकी की दीवार के अंतर्गत जिनके पास अतिरिक्त कपडे, पुस्तके, खिलोने, जूते चप्पल, थैले या अन्य सामग्री रखी है वे इसे यहाँ जमा करा सकते है और जिन्हें इनकी जरुरत है वे यहाँ से ले जा सकते है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद योगेन्द्र सिंह बुन्देला एवं



समाजसेवी नीरज लोधी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि कपूर गढ़पाले के साथ जरुरतमंदों को कपड़े, खिलौने, जूते, पुस्तक सामग्री का वितरण किया। सगुन स्वसहायता एवं बचत शाख समूह और हर्ष स्वसहायता समूह ने नेकी की दिवार एवं उपरोक्त बैकों के संचालन का दायित्व संभालने की जिम्मेदारी ली तथा सामूदायिक संगठक अरूणा अवस्थी व सहीदन खान को देख-रेख एवं संचालन का जिम्मा सौंपा गया। नोडल अधिकारी अजीत सिंह धुर्वे ने नगरवासियों से अपील की कि नेकी की दीवार एवं उपरोक्त बैंकों को संचालित करने के लिए पुरानी सामग्री शहर के वार्ड क्रमांक 34 में संचालित नेकी की दीवार बैंक में जमा करावे ताकि जरुरत मंद इस योजना का लाभ ले सके इस अवसर पर गरम कपड़ों, पुस्तकों, पुराने खिलोनो, कपड़े थैलो का वितरण जरूरतमंदों को किया गया। स्वच्छता प्रभारी बीरेन्द्र चौरसिया एवं बृजेन्द्र सिंह यादव ने उपस्थित लोगों से अनुरोध किया कि वे कि बाजार जाते समय कपडे के थैले का उपयोग करें तथा 120 माईक्रोन से कम की पॉलीथीन का उपयोग न करें। स्वसहायता समूहों को स्वच्छता से जोड़ने तथा उन्हें कार्य का पारिश्रमिक दिलाने के संबंध में पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी डी.डी. तिवारी ने समूहों को कचरा पृथककरण एवं होम कम्पोस्टिंग तथा आर.आर.आर. केन्द्र संचालन का प्रशिक्षण दिया।

## ग्राम पंचायत द्वारी में दबंगई के चलते अस्पताल को ही बना दिया काजी हाउस



**पन्ना।** जनपद पंचायत गुनौर के अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारी में दबंगई के चलते अस्पताल को ही बना दिया काजी हाउस जहां लोगों के एक और स्वास्थ्य सुविधा शासन मुहैया कराती है तो वही ग्राम पंचायत द्वारी के सरपंच और ग्रामीणों की दमणगई के चलते स्वास्थ्य विभाग की बाउंड्री में मवेशियों को जेल की तरह ठोस कर काली हाउस बना दी गई है जहां मवेशियों चारा पानी की कोई सुविधा नहीं है यहां तक की लोग स्वस्थ के संबंध में यदि मेरी जाए तो जाएं कहां से वहीं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी के लिए भी जाने की कोई सुविधा नहीं है यहां तक की बाउंड्री मेंतार हरि लगाकर पूर्णता स्वास्थ्य विभाग का भवन को ही काजी हाउस बना दिया गया है यहां तक की कर्मचारी जो स्वास्थ्य विभाग के हैं वह भी भवन तक नहीं पहुंच सकते ऐसे में स्वास्थ्य सेवाएं देना उनके लिए मुसीबत का सबब बनता जा रहा है जानवरों को किन लोगों ने जानवरों को इस तरह कैद किया है इसकी जांच होनी चाहिए एवं जिन्होंने भी या हरकत की है उन पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि स्वास्थ्य सेवाएं कैसे प्रदान की जाएगी कर्मचारी अधिकारी कैसे आएंगे पूर्ण रूप से स्वास्थ्य भवन को मवेशियों के रखरखाव के लिए बना दिया गया है ग्राम पंचायत सरपंच की क्या इसमें मिली भगत है या किसी कतिपय लोगों ने बिना अनुमति के इस तरह की दबंगई की है इसकी भी जांच होनी चाहिए।

## डायमंड इंटर स्कूली क्रिकेट टूर्नामेंट अमानगंज में जारी

**अमानगंज।** डायमंड इंटर स्कूली क्रिकेट टूर्नामेंट का पन्ना जिले के अमानगंज नगर में पहला आयोजन इस वर्ष 31 दिसंबर से डायमंड क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें नगर की समस्त स्कूलों की टीम आमंत्रित की गई है, जिनमें 16 टीमों ने भाग लिया है और सबसे हर्ष का विषय है यह बताया जा रहा है कि इस बार छात्राओं ने भी छात्रों की तरह इंस टूर्नामेंट में अपनी उपस्थिति देकर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है। आज टूर्नामेंट के तीसरे दिन न्यू बुंदेलखंड और कन्या सीएम राइस के बीच मैच का आयोजन हुआ। अतिथियों द्वारा दोनों ही टीमों के परिचय टास्क का आयोजन किया गया। जिसमें बुंदेलखंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 6 ओवर में 59 रन बनाए और उसका पीछा करने उतरी सीएम राईज कन्या स्कूल की छात्राओं की टीम मात्र 31 रन बनाकर ढेर हो गई। ज्ञात हो कि क्रिकेट के क्षेत्र में छात्राओं का यह पहला प्रदर्शन रहा इसके पहले उनकी प्रैक्टिस भी शहर में नहीं हुई। अब उनका यह पहला अवसर रहा इस आयोजन के बाद उनमें एक नया उत्साह जगा है, जिसको लेकर चारों ओर हर्ष की लहर देखी गई है। इसके पहले डायमंड सुपरस्टार और सरस्वती ज्ञान मंदिर के बीच 10 ओवरों का मैच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर डायमंड सुपरस्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 71 रन का टारगेट सरस्वती ज्ञान मंदिर को दिया जहां भारी संघर्ष करने के बाद सरस्वती ज्ञान मंदिर यह मैच जीतने वाली थी लेकिन उनके एक ऑलराउंडर खिलाड़ी आदि गुप्ता ने अपने आखिरी ओवर में लगातार तीन विकेट निकालकर मैच का रुख बदला और यह मैच 5 रन से डायमंड सुपरस्टार क्रिकेट टीम को जिताया। इस प्रदर्शन को लेकर चारों ओर से इनमो की घोषणा हुई और उसके साथी खिलाड़ियों ने हर्ष की लहर में उसे अपने कंधों पर रखकर मैदान में चारों ओर घुमाया। और इनमो की घोषणाओं के बाद खिलाड़ी का उत्साह और विश्वास काफी बढ़ा। इस मौके पर कई वक्ताओं ने अपनी अपनी बात मंच के माध्यम से रखी और आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि यह हर्ष का विषय है कि यह पहला मौका है जब छात्राओं ने इस आयोजन में भाग लिया, वह बधाई की पात्र हैं। टूर्नामेंट में 15 वर्ष के नीचे के छात्र एवं छात्राएं मैदान में आए, जिनके उत्साह और विश्वास बढ़ाने आयोजक सक्रिय नजर आए।

## फाइलेरिया के उन्मूलन के लिए 10 से 25 फरवरी तक कराया जाएगा सामूहिक दवा का सेवन

**पन्ना।** फायलेरिया उन्मूलन के लिए इस वर्ष भी आगामी 10 से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा का सेवन कराया जाएगा। फायलेरिया बीमारी की रोकथाम के लिए विभिन्न गतिविधियों के जरिए जनजागरण कार्य भी होगा। सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर दो वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र व्यक्तियों को फायलेरिया रोधी दवा डीईसी, एल्वेंडाजोल एवं आइवरमेक्टिन दवा की एक खुराक का सेवन कराया जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा भी गत दिवस अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में एमडीए के सफल संचालन के लिए विभिन्न विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## फांसी पर लटका मिला तीस वर्षीय युवक का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**पन्ना।** पन्ना जिले की बृजपुर थाना अन्तर्गत ग्राम दमचुआ में एक तीस वर्षीय युवक का शव घर पर ही फांसी पर लटका हुआ पाया गया, बताया जाता है कि



उसने दो दिन पूर्व फांसी लगाकर आत्म हत्या की गई है। म्रतक के भाई गोपाल सरकार ने बताया कि मेरा भाई मंगल पिता प्रफुल्ल सरकार, प्रदीप खरे गुड्डू एवं लक्खू उर्फ लक्ष्मण माझी के साथ काम करता था, उसके साथ उक्त लोगो द्वारा कुछ दिन पूर्व मारपीट की गई थी, जिससे वह काफी आहत एवं परेशान था, इसी के चलते भाई द्वारा फांसी लगा ली गई है तथा घटना को अंजाम दिया है, उक्त मामले में संबंधित आरोपीयों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहीए, क्योकि वह उक्त लोगो की प्रताडना तथा मारपीट से तंग आ गया था और उसने उक्त घटना को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले मे विवेचना की जा रहीं है। जांच उपरांत ही मामला हत्या या आत्म हत्या क्या है इसका खुलासा होगा।

## दो माता जी के सानिध्य में होगा श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान

**देवेन्द्रनगर**

श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में विराजमान परम पूज्य विश्वउत्कृष्ट समाधि सम्राट विराग सागरजी महाराज जी की परम प्रभावक शिष्या पश्रमणी आर्थिका जी एवं 105 विरम्या एवं श्रमणी आर्थिका विसंयोजना श्री माता जी ससंघ के मंगल सानिध्य में महा आचार्य विराग सागर जी म प.पू. श्रमणाचार्य विशुद्धसागर जी के मंगल आशीर्वाद से श्री सिद्ध-चक्र महामण्डल विधान का आयोजन सकल दिगम्बर जैन समाज देवेंद्र नगर द्वारा आयोजित किया जा रहा है 4 जनवरी से 9



जनवरी नये वर्ष में होने वाले इस विधान में समाज के विभिन्न धर्मावलम्बियों ने भाग लिया जिसमें श्रीमान प्रवीण जैन देवेन्द्रनगर उदय जैन झांसी, सुनील जैन, संजय जैन, यशवंत जैन, कमलेश जैन, प्रतीक जैन (छोटू) विजय जैन, सुरेन्द्र जैन (कल्लू) आदि तथा अनेक इंद्र इंद्राणी विधान के प्रमुख पात्र एवं सामान्य रूप में बैठकर पुण्य अर्जन करेंगे विधान में 4 जनवरी को प्रात: 7:30 बजे से समस्त इंद्रा इन्द्राणी अष्टकुमारी तथा समस्त मण्डलों द्वारा मंगलमय घटयात्रा सम्पन्न की जायेगी पश्चात पात्र सरलीकरण आचार्य निमंत्रण, देवता, माता जी के मंगल मय प्रवचन अभिषेक शांतिधारा तथा पूजन विधान प्रारंभ किया जायेगा विधात्र में विधानाचार्य प्रतिष्ठाचार्य जयकुमार शास्त्री (फलहरोड़ी) तथा संगीत पार्टी निक्कू चेतन पार्टी भिंड आदि।

## मृत तेंदुआ के संबंध में नहीं प्राप्त हुए अवैध शिकार के साक्ष्य

**पन्ना।** वन मंडल उत्तर पन्ना के वन परिक्षेत्र पन्ना की बीट बहेरा के कक्ष क्रमांक पी-456 में गुरूवार को सकरिया खुदारे हार स्थान पर मृत तेंदुआ के शव की सूचना पर वन विभाग की टीम द्वारा मौका स्थल का निरीक्षण किया गया। वन मंडल अधिकारी एवं उप वन मंडल अधिकारी सहित अन्य स्टॉफ तथा पुलिस के डॉग स्क्वार्ड की उपस्थिति में सर्चिंग करने पर मृत तेंदुआ के आस-पास कोई अवैध शिकार के साक्ष्य नहीं मिले। प्रथम दृष्टया मृत तेंदुआ के गले व चेहरे में नाखून और दांतों के निशान पाए गए। मृत तेंदुआ के आस-पास आपसी संघर्ष के साक्ष्य मिले हैं। इसके अलावा तेंदुआ के चारों केनाईन दांत व नाखून इत्यादि लगे पाए गए। आस-पास अन्य किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु भी प्राप्त नहीं हुई। टीम द्वारा मौका स्थल पर फोटोग्राफ्स लेकर एवं नापजोख कर जप्ती की कार्यवाही की गई। पशु चिकित्सकों द्वारा मौके पर ही शव विच्छेदन सैम्पल लेने के उपरांत जप्त तेंदुआ के शव को मुख्य वन संरक्षक छतरपुर, वन मंडल एवं उप वन मंडल अधिकारी पन्ना, तहसीलदार देवेन्द्रनगर, सरपंच ग्राम पंचायत सकरिया तथा अन्य स्टॉफ की उपस्थिति में आग से विनिष्टीकरण किया गया।

## कराते बेल्ट परीक्षा एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन

**देवेंद्रनगर।** आरोग्य कला कराते एंड फिटनेस अकैडमी, देवेंद्रनगर जिला पन्ना द्वारा आयोजित कराते परीक्षा एवं कराटे डेमोंसट्रेशन का प्रदर्शन चिल्ड्रन पार्क सामुदायिक भवन देवेंद्र नगर में किया गया इस परीक्षा में एलो बेल्ट राधिका मिश्रा अंशिका निगम आरोही निगम स्नेहा सोनी आयुषी कुशवाहा देवेश मिश्रा रौनक कुशवाहा शुभम साहू शैली साहू ऑरेंज बेल्ट रोहिणी सिंह मयूरी कुशवाहा निकिता सिंह ग्रीन बेल्ट मोहम्मद रिहान ब्राउन बेल्ट सब बेगम निशा सोनी मोहम्मद रिहान ब्लैक बेल्ट वरदान सिंह आयुष जैन मान्या जैन हर्षित सोनी शामिल थे। सभी बेल्ट परीक्षाओं में 16 बच्चों



में सम्मिलित परीक्षा को उत्तीर्ण किया इस ग्राम कार्यक्रमक के मुख्य अतिथि एसडीओपी एस पी सिंह बघेल पन्ना कराते संघ के अध्यक्ष श्री ललित गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष नगर परिषद की अध्यक्षता श्रीमती शिवांगी गुप्ता एवं पूर्व प्राचार्य श्री राम लखन शुक्ला जी रस की वर्ष सदस्य श्री ओमकार तोमर कराते संघ अध्यक्ष सरस्वती स्कूल के आचार्य सीमेंद्र नामदेव कराते संघ मुख्य प्रशिक्षक संसाई विजय सिंह ब्लैक बेल्ट 4 डान वरिष्ठ प्रशिक्षक संसाई कमल लखेरा ब्लैक बेल्ट 3 डान वरिष्ठ प्रशिक्षक संसाई मोहम्मद सफी ब्लैक बेल्ट 2 डान संतोष विश्वकर्मा जी व्यवस्थापक श्री गणेश विश्वकर्मा जी कराते प्रशिक्षक रुचि सिंह पूनम वर्मा जितेंद्र विश्वकर्मा सिद्धांत सिंह शिवांक तिवारी तनिष बानो एवं कराटे खिलाड़ियों के अभिभावक एवं पत्रकार गढ़ उपस्थित रहे। इस समारोह ने न केवल बच्चों के शारीरिक विकास को बढ़ावा दिया, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता में भी योगदान दिया। आयोजकों ने आशा व्यक्त की कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करेंगे।

## अवैध फर्नीचर का कारोबार करने वालो पर वन विभाग ने की कार्यवाही



**पन्ना।** वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार के निर्देशन पर वन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, इसी कड़ी में विश्रामगंज वन परिक्षेत्राधिकारी के निर्देशन में इन्द्रपुरी कॉलोनी पन्ना में कैलाश खरे के निवास पर वन विभाग ने छापामार कार्यवाही कर अवैध रूप से संग्रहित इमारती सागौन लकड़ी जप्त कर वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है। उक्त कार्यवाही में डिप्टी रेंजर काशी प्रसाद अहिरवार, वनरक्षक अखिलेश मिश्रा, आदेश चौधरी, देवेंद्र मिश्रा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राशि के इंतजार में स्व सहायता समूह- जिला प्रशासन बेखबर

**अमानगंज।** राज्य शासन के आदेश पर ग्रामीण क्षेत्रों में स्व सहायता समूह के माध्यम से माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला में रुचिकर भोजन स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा बच्चों को खिलाया जा रहा है, परंतु 2 माह से मध्यान भोजन एवं चार माह से सांझा चूल्हा की राशि समूह को नहीं दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब महिलाओं द्वारा उधार सामान खरीदने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है परंतु इसकी जवाब देही कोई भी नहीं ले रहा है, इन गरीब परिवार की महिलाओं के साथ जिला प्रशासन की अनदेखी से अब मध्यान्ह संचालन करने में स्व सहायता समूहों को टेढ़ी खीर नजर आ रहा है।

# तेंदुए का संदिग्ध अवस्था में मिला शव, जांच में जुटा वन अमला

### उत्तर वन मण्डल की पन्ना रेन्ज अंतर्गत बहेरा बीट की घटना

**पन्ना।** टाइगर और लैपर्ड स्टेट मध्य प्रदेश के पन्ना जिले से नए साल के दूसरे दिन वन्यजीव प्रेमियों को दुखी करने वाली खबर आई है। यहां के उत्तर वन मण्डल (सामान्य वन मण्डल) की पन्ना रेन्ज अंतर्गत बहेरा बीट के आबादी क्षेत्र के नजदीक नर तेंदुए का शव संदिग्ध अवस्था में मिला है। जिले में वन्य प्राणियों के शिकार की हालिया घटनाओं के बीच आज सुबह-सुबह तेंदुए का शव मिलने की खबर आने के बाद से उत्तर वन मण्डल में हड़कंप मचा है। मैदानी वन अमले समेत डीएफओ गर्वित गंगवार ने आनन-फानन मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना किया। डॉग स्कवॉड से आसपास के इलाके की सघन सर्चिंग करवाई गई। समाचार लिखे जाने तक उत्तर वन मण्डल के अधिकारी-कर्मचारियों की मौजूदगी में वन्य प्राणी चिकित्सक डॉ. संजीव गुप्ता के द्वारा मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम किया जा रहा था। उत्तर वन मण्डल पन्ना के वन मंडलाधिकारी गर्वित गंगवार ने रडार न्यूज़ को जानकारी देते हुए बताया कि, आज सुबह बहेरा की कुछ महिलायें शौंच के लिए गांव से सटे जंगल में गई थीं। इस दौरान वहां मृत अवस्था में पड़े तेंदुए को देखकर महिलाएं काफी डर गईं। वापस घर लौटकर महिलाओं ने परिजनों को तेंदुए के शव के संबंध बताया। जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा संबंधित बीट गार्ड और रेंजर को घटना की सूचना दी गई। डीएफओ गंगवार ने बताया, घटनास्थल की गहन जांच की गई और डॉग स्क्वॉड से भी सर्चिंग करवाने पर किसी तरह की कोई



संदिग्ध गतिविधि के संकेत अथवा साक्ष्य नहीं मिले है। तेंदुए के शव का अवलोकन करने पर उसके सभी अंग पूर्णत: सुरक्षित पाए गए। हालांकि उसके चेहरे और गर्दन पर गहरी खरोंच के निशान होने से प्रांरम्भिक जांच के आधार पर प्रथम दृष्टया तेंदुए की मौत आपसी संघर्ष में होना प्रतीत होता है। उत्तर वन मण्डल डीएफओ के अनुसार संभवत: किसी बाघ अथवा दूसरे तेंदुए से संघर्ष में नर तेंदुए की मौत हुई है, फिर भी इस घटना के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कराई जा रही है। मृत तेंदुए के बिसरा आदि अवयव को जांच हेतु अलग-अलग प्रयोगशालों में भेजा जा रहा है। मृत मिले नर तेंदुए की उम्र लगभग 5 वर्ष होने का अनुमान है। विदित हो कि, समाचार लिखे जाने तक तेंदुए के साथ कथित आपसी संघर्ष में शामिल रहे दूसरे वन्यजीव का कोई सुराग नहीं लगा सका। जाहिर है जिस संघर्ष में जंगल के युवराज (तेंदुए) की जान चली गई वह निश्चित ही अत्यंत भीषण रहा होगा, ऐसे में विजेता रहे अज्ञात वन्य जीव को भी निश्चित ही कुछ चोटें तो आई होंगी। इस संभावना के मद्देनजर वन अमले को उस अज्ञात वन्यजीव की खोज-खबर लेने की जरुरत है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह किस हालत में है, उसे उपचार आदि की जरुरत है या फिर नहीं है। डीएफओ गर्वित गंगवार ने भी आपसी संघर्ष में दूसरे वन्यप्राणी के घायल होने की संभावना जताई है। उन्होंने बताया कि दूसरे वन्यजीव की तलाश जारी है, उसके मिलने पर मिलने पर आवश्यकतानुसार उसका उपचार कराया जाएगा। बता दें कि सप्ताह भर पूर्व पन्ना जिले के ही दक्षिण वन मण्डल की शाहनगर रेन्ज अंतर्गत अज्ञात शिकारियों के द्वारा शिकार के लिए लगाए गए फंदे में एक तेंदुआ फंसा हुआ मिला था। समय रहते इस घटना की जानकारी मिलने पर तेंदुए की जान बच गई थी। इसी अवधि में पन्ना के धाम मोहल्ला स्थित एक घर पर वन विभाग की टीम ने छापा मारकर अज्ञात वन्यजीव का मांस जब्त किया था। उक्त घर से वन अमले ने दो एयर गन भी बरामद की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### आखिरकार बातचीत के रास्ते पर लौटा इस्राइल, बंधकों को छुड़ाने के लिए कतर भेजेगा प्रतिनिधि दल

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल ने हमास और हिजबुल्ला की कमर तोड़ दी है, लेकिन इसके



बावजूद इस्राइल अभी तक अपने बंधकों को नहीं छुड़ा पाया है। यही वजह है कि अब इस्राइल की सरकार बातचीत के जरिए अपने बंधकों को छुड़ाने की कोशिशों में जुट गई है। इस्राइल का एक प्रतिनिधिमंडल आज कतर दौरे पर जाएगा। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने एक प्रतिनिधिमंडल को कतर जाने की मंजूरी दे दी है। ये प्रतिनिधिमंडल बंधकों को छुड़ाने के लिए बातचीत करेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस्राइल और हमास के बीच बीते कुछ दिनों से बंधकों को छुड़ाने के लिए बातचीत की सहमति बन रही थी। कतर जा रहे प्रतिनिधिमंडल में इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद, शिन बेत और इस्राइली सेना आईडीएफ के अधिकारी शामिल होंगे। हमास की तरफ से भी एक प्रतिनिधिमंडल के कतर की राजधानी दोहा पहुंचने की उम्मीद है। बंधकों को छुड़ाने के लिए आंदोलन कर रहे द होस्टेज एंड मिसिंग फैमिलीज फोरम ने नेतन्याहू के फैसले का स्वागत किया। फोरम ने कहा कि हमें इस अवसर की खिड़की से नही चूकना चाहिए। करीब 100 बंधक हमास की कैद में हैं। बीते नवंबर में कतर ने भी खुद को बातचीत से अलग कर लिया था। कतर ने आरोप लगाया था कि इस्राइल और हमास बातचीत के इच्छुक नहीं हैं। हालांकि पर्दे के पीछे से कोशिशें जारी रहीं और अब अचानक से प्रतिनिधिमंडल के कतर जाने से उम्मीदें बंधी हैं। हमास के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि इस बार दोनों पक्षों के बीच सहमति बन जाएगी। हमास द्वारा बंधकों को छोड़ने की शर्त है कि लड़ाई पर रोक लगे। हालांकि इस्राइल इसके लिए तैयार नहीं है। अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी हमास को धमकी है कि वह जल्द बंधकों को रिहा कर दें, वरना इसके गंभीर परिणाम होंगे।

### ट्रंप समर्थकों की जांच करने वालों को अमेरिका में दूसरा बड़ा सम्मान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इस वर्ष सांसद लिज चेनी और बेनी थॉम्पसन को दूसरा सर्वोच्च नागरिक पदक प्रदान कर रहे हैं। ये वे सांसद हैं जिन्होंने छह जनवरी 2021 को डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों द्वारा यूएस कैपिटल (संसद भवन परिसर) में हुए हिंसक दंगे की सरकार की जांच का नेतृत्व किया था। इन्हें मिलने वाले पुरस्कार पर ट्रंप ने कहा है कि इन सांसदों को जेल भेजा जाना चाहिए। बाइडन व्हाइट हाउस में एक समारोह में 20 लोगों को राष्ट्रपति का नागरिक पदक प्रदान करेंगे। इनमें विवाह समानता के लिए लड़ने वाले अमेरिकी, घायल सैनिकों के इलाज में अग्रणी भूमिका निभाने वाले और राष्ट्रपति के दोस्त टेड कॉफमैन, डी-डेल और क्रिस डोड, डी-कॉन भी शामिल हैं। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति बाइडन का मानना है कि उनके समर्पण और बलिदान के कारण देश बेहतर है। पिछले साल बाइडन ने उन लोगों को सम्मानित किया था जो दंगाइयों से संसद भवन की रक्षा करने में शामिल थे।

### सऊदी अरब में नशा तस्करी पर 6 ईरानी नागरिकों को मृत्युदंड

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब ने मादक पदार्थों की तस्करी के जुर्म में ईरान के छह लोगों के मृत्युदंड पर तामीली की है। ईरान ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताई और सऊदी राजदूत को तलब किया। सऊदी अरब के गृह मंत्रालय ने कहा, छह लोगों को देश में हशीश की तस्करी करते हुए पकड़ा गया था और देश के सुप्रीम कोर्ट की ओर से एक अपील खारिज होने के बाद उन्हें मौत की सजा दे दी गई। उसने यह जानकारी नहीं दी कि ईरान के नागरिकों को यह सजा कब और कहां दी गई।

### भूकंप के तेज झटकों से थर्राया चिली, रिक्टर स्केल पर 6.1 रही तीव्रता

**सैंटियागो, एजेंसी।** गुरुवार को चिली के एंटोफगास्टा क्षेत्र में रिक्टर स्केल पर 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे पूरे क्षेत्र में हलचल मच गई। यूरोपीय-मेडिटेरेनियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर के अनुसार, इस भूकंप का केंद्र पृथ्वी की सतह से 104 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। गहराई के बावजूद, भूकंप के झटके क्षेत्र में स्पष्ट रूप से महसूस किए गए। हालांकि, अब तक किसी बड़ी हानि या जनहानि की सूचना नहीं मिली है। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन एजेंसियों ने नागरिकों से सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर बने रहने की अपील की है। अधिकारियों ने स्थिति पर नजर रखते हुए संभावित आफ्टरशॉक्स को लेकर भी चेतावनी जारी की है। विशेषज्ञों के अनुसार, भूकंप के बाद आमतौर पर आफ्टरशॉक का खतरा रहता है, जो कभी-कभी मुख्य भूकंप जितना ही प्रभावी हो सकता है। चिली भूकंप-प्रवण देशों में से एक है, जहां प्लेट टेक्टॉनिक्स के कारण अक्सर भूकंप आते हैं। इतिहास में यहां कई भीषण भूकंप दर्ज किए गए हैं। 1960 में वल्डिविया में आया 9.5 तीव्रता का भूकंप अब तक का सबसे बड़ा भूकंप माना जाता है। इसी प्रकार, 2010 में कोंसेप्सियन में आए 8.8 तीव्रता के भूकंप ने भारी तबाही मचाई थी। विशेषज्ञों का मानना है कि छोटे भूकंप अक्सर बड़े भूकंप से पहले संकेत देते हैं। हालांकि, भूकंप की सटीक भविष्यवाणी करना संभव नहीं है। 2005 का कश्मीर भूकंप इसका एक उदाहरण है। 7.6 तीव्रता के इस भूकंप ने पाकिस्तान और भारत के कश्मीर क्षेत्र में भारी तबाही मचाई थी, जिसमें 80,000 से अधिक लोगों की जान गई थी।

# चीन में नए वायरस ने मचाया हाहाकार! अब तक 170 लोगों की मौत, लग गया आपातकाल?

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में एक बार फिर से वायरस का प्रकोप गहराता जा रहा है। अस्पतालों में संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य आपातकाल की स्थिति बन गई है। इस बार ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के बढ़ते मामलों ने चिंता बढ़ा दी है। सरकारी और वैज्ञानिक एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, वायरस से अब तक चीन में 170 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 18 देशों में इसके 7,834 मामले दर्ज किए गए हैं।

**डब्ल्यूएचओ ने किया वैश्विक आपातकाल घोषित :** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इस नए संक्रमण को ÷वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल÷ करार दिया है। ड्ड।ह के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने जिनेवा में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि यह वायरस तेजी से फैल रहा है, और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि चीन ने पहली बार 31 दिसंबर, 2019 को स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की थी।

**क्या है ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस :** ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस पहली बार 2001 में खोजा गया था। यह मुख्य रूप से 14 साल से कम उम्र के बच्चों और बुजुर्गों को प्रभावित करता है। वायरस मुख्य रूप से सर्दियों के मौसम में फैलता है और खांसी, बुखार, और सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण उत्पन्न करता है। चीन के राष्ट्रीय रोग नियंत्रण और रोकथाम प्रशासन ने लैब



रिपोर्टिंग प्रक्रिया को तेज कर दिया है और संक्रमित मरीजों की निगरानी शुरू कर दी है।

**संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं**

हाल ही में रिपोर्ट्स में यह पाया गया है कि 16 से 22 दिसंबर के बीच संक्रमण की दर में तेजी आई है। यह वायरस उन क्षेत्रों में अधिक सक्रिय है, जहां तापमान तेजी से गिर रहा है। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और रिपोर्ट्स ने इस संकट को और अधिक उजागर कर दिया है।

**आपातकालीन घोषणाओं का इतिहास**

डब्ल्यूएचओ की समिति, पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न, ने अब तक छह बार आपातकालीन स्थिति घोषित की है। समिति प्रमुख डिडियर हौसिन ने कहा कि इस बार का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। पहले के आपातकालीन मामलों में इबोला, स्वाइन फ्लू और कोविड-19 शामिल हैं। स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास चीन सरकार ने अस्पतालों में विशेष वार्ड तैयार करने, वायरस की जांच बढ़ाने, और जनता को जागरूक करने के लिए अभियान शुरू कर दिए हैं। डब्ल्यूएचओ ने भी इस वायरस के प्रसार को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया है। ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के बढ़ते मामलों ने दुनिया भर में अलार्म बजा दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने की जरूरत है, ताकि इस संकट को रोका जा सके। सभी को सतर्क रहने और आवश्यक स्वास्थ्य निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है।

## अमेरिकी कंपनियों ने ताइवान को बेचे हथियार, चीन ने कर दी कार्रवाई

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने ताइवान को हथियार बेचने की वजह से 10 अमेरिकी कंपनियों को अविश्वसनीय संस्थाओं की सूची में शामिल किया गया है. चीनी वाणिज्य मंत्रालय (एमओसी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी. मंत्रालय की घोषणा के अनुसार, इन कंपनियों में लॉकहीड मार्टिन मिसाइल्स एंड फायर कंट्रोल, लॉकहीड मार्टिन एयरोनॉटिक्स और लॉकहीड मार्टिन मिसाइल सिस्टम इंटीग्रेशन लैब शामिल हैं. एमओसी ने कहा कि इन कंपनियों को चीन से संबंधित आयात या निर्यात गतिविधियों में शामिल होने से प्रतिबंधित किया जाएगा और चीन में नए निवेश करने से भी रोका जाएगा. घोषणा के अनुसार, इन कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों को चीन में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा, उनके कार्य परमिट और विजिटर या रेजिडेंसी स्टेट्स को रद्द कर दिया जाएगा, और उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए किसी भी संबंधित आवेदन को मंजूरी नहीं दी जाएगी. समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, एमओसी ने कहा कि यह कंपनियां चीन के कड़े विरोध के बावजूद हाल के वर्षों में ताइवान क्षेत्र में हथियारों की बिक्री में लगी हुई हैं और सैन्य टेक्नोलॉजी को लेकर तथाकथित सहयोग कर रही हैं।

## दावा- बशर अल असद को जहर देकर मारने की कोशिश: इलाज के बाद बची जान



**मॉस्को, एजेंसी।** अपदस्थ सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद को लेकर एक बड़ी खबर निकल कर सामने आ रही है. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, असद को कथित तौर पर जहर देने की कोशिश की गई है. विद्रोहियों द्वारा सत्ता से हटाए गए पूर्व नेता पिछले साल 8 दिसंबर से मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सुरक्षा में हैं. हालांकि, रूस में एक पूर्व जासूस द्वारा संचालित जनरल एसवीआर नामक एक सोशल मीडिया अकाउंट के अनुसार, असद रविवार को बीमार पड़ गए. उन्होंने चिकित्सा सहायता मांगी और फिर उन्हें तेज खांसी और घुटन सी होने लगी. अकाउंट ने दावा किया है कि, बशर अल असद की हत्या का प्रयास किया गया था. बताया जाता है कि, असद का उनके अपार्टमेंट में इलाज किया गया था और सोमवार तक उनकी हालत स्थिर हो गई थी. टेस्ट के दौरान उनके शरीर में जहर होने की बात कही गई. हालांकि, सीरिया या मॉस्को की ओर से इसको लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. दूसरी तरफ विभिन्न समाचार आउटलेट्स की रिपोर्टों के अनुसार, असद सरकार के पतन के बाद देश के भविष्य पर चर्चा के लिए 4 और 5 जनवरी को दमिश्क में सीरियाई राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. अरब देश में नाटकीय सत्ता परिवर्तन के बाद यह पहला अखिल-राष्ट्रीय सम्मेलन होगा. मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, आयोजकों ने देश के अंदर और बाहर से लगभग 1,200 सीरियाई लोगों को आमंत्रित करने की योजना बनाई है, साथ ही प्रत्येक प्रांत से 70 से 100 अतिरिक्त प्रतिनिधि भी बुलाए जाएंगे, जो विभिन्न सामाजिक समूहों से होंगे।

## नवाज शरीफ के पोते की शादी में परिवार सहित शामिल हुआ प्रसिद्ध भारतीय उद्योगपति, विशेष प्लेन से पहुंचा पाकिस्तान

**लाहौर, एजेंसी।** भारतीय उद्योगपति के परिवार सहित पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के पोते की शादी में शामिल होने के बाद कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के एक नेता ने बृहस्पतिवार को बताया कि भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति सज्जन जिंदल ने अपने परिवार के साथ लाहौर में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के पोते की शादी में शिरकत की। जेएसडब्ल्यू स्टील के प्रबंध निदेशक जिंदल उन 700 स्थानीय और विदेशी मेहमानों में शामिल थे जिन्होंने रविवार को शरीफ के पोते जायद हुसैन नवाज के विवाह समारोह में उनके लाहौर स्थित जाति उमरा रायविंड आवास में शिरकत की।

सत्तारूढ़ पीएमएल-एन पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि इस समारोह में कई अन्य भारतीय भी शामिल हुए। जिंदल परिवार के शरीफ परिवार के साथ मजबूत संबंध हैं और कथित तौर पर इसने नवाज शरीफ के बेटे हुसैन नवाज को खाड़ी में इस्पात मिल स्थापित करने में मदद की थी। शरीफ परिवार ने भारतीय मेहमानों, विशेष रूप से जिंदल परिवार की एक दिन की यात्रा को बहुत साधारण रखा। जिंदल परिवार मुंबई से एक विशेष विमान में लाहौर पहुंचा। मेहमानों की सुरक्षा के लिए जाति उमरा और उसके आसपास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

# अमेरिका में भयानक हादसा; इमारत की छत से जा टकराया विमान, 2 लोगों की मौत और 18 घायल

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के सदर्न कैलिफोर्निया में विमान एक इमारत की छत से टकरा गया। इस दुर्घटना में 2 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। फुलर्टन पुलिस प्रवक्ता क्रिस्टी वेल्स ने बताया कि गुरुवार दोपहर 2 बजकर 9 मिनट पर फुलर्टन के ऑरेंज काउंटी शहर में हुई दुर्घटना के बारे में सूचना मिली। वेल्स ने बताया कि मौके पर पहुंचे अग्निशमन के कर्मियों और पुलिस की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। साथ ही, आसपास के व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भी खाली कराया गया है। आग से एक गोदाम को नुकसान पहुंचा है। ऐसा प्रतीत होता है कि गोदाम में सिलाई मशीन और कपड़े रखे थे। पुलिस ने बताया कि 10 घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जबकि 8 लोगों का घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार किया गया। वेल्स ने बताया कि 2 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। वेल्स ने बताया कि अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई कि घायल हुए लोग विमान में सवार थे या इमारत में मौजूद थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना को लेकर आगे की जांच जारी है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, हादसाग्रस्त विमान सिंगल इंजन वैन का आरवी-10 था, जो चार सीटों वाला छोटा मॉडल है।

**हमने जोरदार आवाज सुनी और भाग गए :** इस बीच, विमान हादसे के वीडियो फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इनमें दिख रहा है कि विमान इमारत की छत से जा टकराता है। यह टक्कर



इतनी जोरदार थी कि छत पर बड़ा सा छेद बन जाता है जहां से गहरा काला धुंआ उठता नजर आ रहा है। इंटरनेट यूजर्स भी इस भयानक हादसे का वीडियो देखकर हैरान रह गए। लोगों ने घायलों के जल्द स्वस्थ हो जाने की प्रार्थना की है। जिस वक्त यह हादसा हुआ तब इमारत के पास कुछ मजदूर इकट्ठ थे। इनमें से एक जेरोम क्रूज ने बताया, हमें तो बस एक जोरदार आवाज सुनाई दी। ऐसा लगा जैसे कि कोई बड़ा धमाका हुआ हो। हम लोग तुरंत ही इमारत से दूर भाग गए।

**इमरजेंसी लैंडिंग केलिए लौटने वाला था प्लेन :** फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक ये एक सिंगल इंजन वाला वैन आरवी-10 विमान था। इसमें 4 लोग सवार हो सकते हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद एयरपोर्ट के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्लेन के मालिक का यहां हैंगर है और वह अक्सर यहीं से उड़ान भरता है। एक कर्मचारी के मुताबिक प्लेन के पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को बताया था कि वह इमरजेंसी लैंडिंग के लिए वापस लौट रहा है। हालांकि, प्लेन में क्या समस्या थी, इसकी ये साफ नहीं हो सका। बीते 10 दिन में ये तीसरा प्लेन हादसा है। इससे पहले 25 दिसंबर को अजरबैजान से रूस जा रहा एक प्लेन कजाकिस्तान में क्रैश हो गया था। इस हादसे में 38 लोगों की मौत हुई थी। इसके 3 दिन बाद ही 29 दिसंबर को साउथ कोरिया में एक प्लेन एयरपोर्ट पर क्रैश हो हुआ था। इसमें सवार 181 लोगों में से 179 की मौत हो गई थी।

## न्यू ऑरलियंस का हमलावर आईएसआईएस का कट्टर समर्थन था, अकेले ही हमले को अंजाम दिया: बाइडन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि न्यू ऑरलियंस में नए साल के स्वागत का जश्न मना रहे लोगों पर हमला करने वाले व्यक्ति शम्सुद्दीन जब्बार ने अकेले ही इस घटना को अंजाम दिया और इस बात के संकेत मिले हैं कि वह आईएसआईएस का कट्टर समर्थक था। अमेरिका के न्यू ऑरलियंस में बुधवार तड़के नए साल के स्वागत का जश्न उस वक्त त्रासदी में बदल गया जब जब्बार ने जश्न मना रहे लोगों पर पिकअप ट्रक चढ़ा दिया। इस घटना में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने कहा कि वह मामले में आतंकवादी हमले के पहलू से जांच कर रही है। आरोपी टेक्सास राज्य का 42 वर्षीय पूर्व सैनिक था और वह स्थानीय पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया।

बाइडन ने संवाददाताओं से कहा, ''एफबीआई ने आज मुझे बताया कि हमें अभी तक इस बात का कोई सबूत नहीं मिला है कि हमले में कोई और शामिल था। उन्हें पता चला है कि हमलावर वही व्यक्ति था जिसने भीड़ में अपनी गाड़ी



घुसाने से कुछ घंटे पहले ही 'फ्रेंच क्वार्टर' में दो नजदीकी जगहों पर 'आइस कूलर' में विस्फोटक रखे थे।'' बाइडन ने कहा, ''उनका अनुमान है कि उसके वाहन में इन दो कूलर को उड़ाने के लिए रिमोट डेटोनेटर था।'' उन्होंने कहा, ''हमलावर ने हमले से कुछ घंटे पहले ही कई वीडियो पोस्ट किए थे, जिनसे पता चलता है कि वह आईएसआईएस का कट्टर समर्थक था। उन्होंने कहा कि संघीय कानून प्रवर्तन और खुफिया समुदाय मामले की सक्रिय जांच कर रहे हैं। बाइडन ने बृहस्पतिवार दोपहर कैंप डेविड से लौटने के तुरंत बाद अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक की। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि अधिकारी इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि न्यू ऑरलियंस में हुए हमले और लॉस वेगास में हुए विस्फोट के बीच कोई संबंध है या नहीं। अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लॉस वेगास स्थित होटल के बाहर बुधवार को 'टेस्ला साइबरट्रक' में विस्फोट हो जाने से उसमें सवार एक संदिग्ध व्यक्ति की मौत हो गई थी।

## दक्षिण कोरिया में भारी हंगामा; राष्ट्रपति को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस, सड़क पर उतरे समर्थक

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के जांच अधिकारी मार्शल लॉ लगाने के मामले में राष्ट्रपति यून सुक योएल को गिरफ्तार करने पहुंचे हैं। उन पर महाभियोग चलाने के वारंट के साथ वे राजाधानी सियोल स्थित राष्ट्रपति निवास पर गए, मगर यहां उन्हें सुरक्षा कर्मचारियों के विरोध का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि यून सुक के सैकड़ों समर्थक भी सड़कों पर उतर आए हैं और उन्हें हिरासत में लिए जाने से रोकने का प्रयास कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, यून की गिरफ्तारी के वारंट पर अमल करते हुए दर्जनों जांचकर्ता और पुलिस अधिकारी राष्ट्रपति भवन पहुंचे। इसी बीच बड़ी संख्या में राष्ट्रपति के समर्थक वहां पर जुट गए और जांच अधिकारियों के काम में बाधा डालने लगे। फिलहाल स्थिति तनावपूर्व बनी हुई है। दरअसल, दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने महाभियोग लगाए गए राष्ट्रपति यून सुक-योल की गिरफ्तारी और राष्ट्रपति आवास की तलाशी के लिए वारंट जारी किया है। यह देश के आधुनिक इतिहास में पहली बार हुआ है कि किसी मौजूदा राष्ट्रपति के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया हो। संयुक्त जांच इकाई ने पिछले दिन विद्रोह और अन्य आरोपों पर सियोल पश्चिमी जिला न्यायालय से यून के खिलाफ वारंट की अपील की थी। यून को 18 दिसंबर, 25 दिसंबर और 29 दिसंबर को तीन बार पूछताछ के लिए



उपस्थित होने के लिए कहा, मगर उन्होंने समन प्राप्त करने और अपने बचाव पक्ष के वकील की नियुक्ति के लिए दस्तावेज जमा करने से इनकार कर दिया। मार्शल लॉ की घोषणा को लेकर खड़ा हुआ विवाद राष्ट्रपति यून के पक्ष ने वारंट जारी करने के अनुरोध के कुछ ही घंटों बाद सियोल अदालत में लिखित राय प्रस्तुत की और बचाव पक्ष के वकील को नियुक्त किया। यून ने 12 दिसंबर को टेलीविजन संबोधन में कहा कि वह मार्शल लॉ के लिए अपनी कानूनी और राजनीतिक जिम्मेदारी से नहीं बचेंगे, जिसे उन्होंने 3 दिसंबर की रात को घोषित किया था, लेकिन कुछ घंटों बाद नेशनल असेंबली ने इसे रद्द कर दिया। यून के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव 14 दिसंबर को नेशनल असेंबली में पारित किया गया था। इसे 180 दिनों तक विचार-विमर्श करने के लिए संवैधानिक न्यायालय में भेजा गया था।

# ताजा हमलों से दहला गाजा, इजरायली हमलों में 24 घंटे में 67 लोगों की मौत, पुलिस प्रमुख को भी मारा

**काहिरा, एजेंसी।** गाजा में हमास को निशाना बनाते हुए इजरायल फिलिस्तीनी नागरिकों को भी नहीं बख्श रहा है। गुरुवार सुबह से गाजा के राहत केंद्र वाले इलाकों पर इजरायल ने कहर बरपाया है। गाजा के अधिकारियों ने कहा है कि इजरायली हवाई हमलों में गुरुवार को गाजा में कम से कम 68 फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। इस बीच एक टेंट कैंप पर हर हमले में एन्क्लेव के पुलिस बल के प्रमुख सहित नौ लोगों की मौत हो गई। इजरायली सेना ने भी इस खबर की पुष्टि की है। इजरायल ने कहा है कि वह दक्षिणी गाजा में फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के सुरक्षा बलों का प्रमुख था। ताजा हमले गाजा के अल-मवासी में हुए हैं। इस इलाके को इजरायल और गाजा शुरू हुए जंग के बाद सेफ जोन घोषित किया गया था। हमास द्वारा संचालित गाजा के आंतरिक मंत्रालय के मुताबिक गाजा के पुलिस विभाग के महानिदेशक महमूद सलाह और उनके सहयोगी हुसम शाहवान जो शिविर के लोगों की जांच कर रहे थे, हमले में मारे गए। वहीं इजराइली सेना ने कहा है कि उसने खान यूनिस शहर के पश्चिम में अल-मवासी में खुफिया जानकारी के आधार पर हमला किया था और शाहवान को मार गिराया। सेना ने कहा कि वह दक्षिण गाजा में हमास बलों का नेतृत्व कर रहा था। हालांकि उन्होंने सलाह की मौत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

**गुरुवार को हुई सबसे ज्यादा मौतें :** इस बीच एक अन्य इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 57 फिलिस्तीनी मारे गए। खान यूनिस में आंतरिक मंत्रालय के मुख्यालय को निशाना बनाया गया जिसमें छह लोगों की मौत हुई है।



उत्तरी गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर और मध्य गाजा के मघाजी शिविर पर भी हमले हुए हैं। गौरतलब है कि इजरायल ने गुरुवार को बीते कुछ सप्ताह के मुकाबले सबसे बड़े हमले किए। वहीं गुरुवार को मरने वालों की संख्या हाल के हफ्तों में सबसे ज्यादा थी।

**इजरायल ने रिपोर्ट्स पर दिया जवाब :** गुरुवार को हुई मौतों की रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर, इजरायली सेना के प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने गाजा में अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन किया है और नागरिकों को होने वाले नुकसान को कम करने के लिए संभावित सावधानी बरती है। इजरायली सेना ने हमास के आतंकियों पर आवासीय क्षेत्रों का इस्तेमाल कवर के रूप में करने का आरोप लगाया है। हालांकि हमास ने इससे इनकार किया है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833